

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 26 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-179 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ग्रामीण बैंक में फिर चोरी का प्रयास

**बेमेतरा,26 सितंबर।** बेमेतरा जिले से खबर आ रही है जहां छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में फिर सेंधमारी हुई है। 1 महीने के भीतर यह दूसरी बार चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया है। इससे पहले 11 सितम्बर को बैंक में सेंधमारी कर लूट का प्रयास किया था। मामले में नांदघाट पुलिस जांच में जुट गई है।

### जाली में फंसे तेंदुए की मौत

**कांकेर,26 सितंबर।** जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां शहर से सटे ग्राम सिंगारभाट बस्ती में घुसे तेंदुए की मौत हो गई है। जहां दीवार और जाली के बीच फंसे तेंदुए ने बाहर निकलने के प्रयास में खुद को घायल कर लिया था. जिससे तेंदुए की मौत हो गई। इसके बाद वन विभाग की टीम तेंदुए के शव को बाहर निकालकर वन विभाग के रेस्ट हाउस लाया गया. जहा उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### ट्रक ने पति-पत्नी को रौंदा,दोनों की मौत

**बलौदाबाजार,26 सितंबर।** जिले में रफ्तार कहर बनकर टूटी है. जहां तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को रौंद दिया है. हादसा इतना भयानक था कि, शरीर के चिथड़े उड़ गए. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बता दें कि, कसडोल के गुरू घासीदास चौक में तेज रफ्तार ट्रक ने पति-पत्नी के लिए काल बनकर सांसें छीन ली. . वहीं घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है. पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है. मृतकों की पहचान हितेश जोशी और मंजु जोशी ग्राम चरौदा कसडोल निवासी के रूप में हुई है.



## स्कूली बच्चों ने की युवक की चाकू मारकर हत्या

**धमतरी,26 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

यहां स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी है। स्कूली बच्चों द्वारा इस तरह की हिंसक घटना को अंजाम देना बेहद चिंताजनक है। आखिर बच्चों को चाकू कहां से मिलता है और स्कूल क्यों लेकर आते हैं। यह एक बड़ा प्रश्न है। दरअसल, आपस में लड़ाई लड़ रहे स्कूली बच्चों को एक युवक समझाइश देने लगा, इससे नाराज बच्चों ने युवक को धारदार चाकू से हमला कर दिया। इससे गले में चाकू के गहरे जख्म होने के कारण गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक त्रिलोक साहू रावां गांव का रहने वाला था, अपने बुआ को गांव दोनर छोड़ने गया था, इसी दौरान बुआ के घर के बच्चों को स्कूल से लेने गया था, जहां उसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को लड़ाई करने से मना करने लगा। यह बात तीन स्कूली बच्चों को रास नहीं आई और त्रिलोक साहू को घेरकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने चाकू से हमला कर दिया। इससे गले में गंभीर चोट आने से त्रिलोक साहू को ग्रामीणों ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया, जहां उसकी मौत हो गई।

» चाकू लेकर स्कूल आये थे

## डिप्टी रेंजर की पिटाई कर बेटे पर चाकू से हमला

**बिलासपुर,26 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. पुलिस से बेखौफ होकर गुंडे-बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला कोटा थाना क्षेत्र से आया है. यहां बदमाशों ने डिप्टी रेंजर से मारपीट करते हुए बेटे पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया है और मौके से फरार हो गए. घटना में घायल डिप्टी रेंजर के बेटे का अस्पताल में इलाज जारी है. वहीं मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लाया है. जानकारी के अनुसार, यह मामला कोटा थाना क्षेत्र के अमने गांव का है. अमने निवासी गेंदराम साहू वन विभाग में डेप्टी रेंजर हैं. 24 सितंबर की रात करीब 10 बजे वे अपने बेटे सूर्यकांत साहू के साथ घर के सामने टहल रहे थे. इसी दौरान कोटा निवासी आर्यन खान, मोना ठाकुर, हर्ष जायसवाल बाइक से आए और उनके घर बाजू में बैठकर शराब पीने लगे. उन्होंने घर के पास शराब पीने से मना किया, तो तीनों युवक



गुंडागर्दी कर गाली गलौच करने लगे. पिता के साथ गाली गलौज करने पर बेटा सूर्यकांत ने युवकों को गाली देने से मना किया, तो तीनों युवकों ने पिता पुत्र से मारपीट शुरू कर दी और सूर्यकांत को जमीन में पटककर चाकू से हमला कर दिया. हंगामा होता देख आसपास के लोग वहां पहुंचे, तो आरोपी युवक बाइक से भाग निकले. परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. कोटा पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

## समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी एक नवंबर से

**रायपुर,26 सितंबर**

आज छत्तीसगढ़ कैबिनेट की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का निर्धारण किया गया। जिसके तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार धान एवं मक्का का उपार्जन किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की नगद व लिकिंग में खरीदी एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक की जाएगी। इसी प्रकार खरीफ मक्का की खरीदी एक नवबंर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की जाएगी। मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड 20 क्विंटल एवं मक्का प्रति एकड़ 10 क्विंटल लिकिंग सहित् अधिकतम की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित को धान उपार्जन के लिये शासकीय प्रत्याभूति (राशि 14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग से प्राप्त परिणामी चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्या. (नेफेड) के माध्यम से फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) की आपूर्ति किये जाने की सहमति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में पत्रकारों को नगर विकास योजना क्रमांक-4 कौशल्या माता विहार में मकान खरीदनें पर राज्य शासन की तरफ से 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय का अनुमोदन करते हुए इसके प्रथम स्टेज प्राक्कलन के अनुसार 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रूपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत किया गया। ग्राम डूण्डा, सेजबहार एवं बोरियाकला, तहसील व जिला रायपुर में रियल स्टेट प्रोजेक्ट न्यू स्वागत विहार के स्वीकृत अभिन्यास एवं प्रभावितों को प्लाट उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया कि पूर्व में स्वीकृत 8 ले-आउट को निरस्त किया जाए। न्यू स्वागत विहार कॉलोनी को अनधिकृत कालोनी मानते हुए नियमितीकरण की कार्यवाही की जाए। कौशल्या माता विहार नगर विकास योजना में बिल्डर की कुछ भूमियों का योजना से पृथक करने हेतु डिनोटिफिकेशन करने का निर्णय लिया गया ताकि प्रभावितों को भूखण्ड प्रदान किया जा सके।



## गौठान में भूख-प्यास से तड़पकर 29 गायों की मौत

**जांजगीर-चांपा,26सितंबर।** नगर पंचायत खरौद के देवरी मोड़ स्थित गौठान में भूख-प्यास से तड़पकर एक साथ 29 गौवंश की मौत हो गई। सभी मृत गौवंश को गौठान के पीछे खुले जगह में फेंक दिया गया है, जिससे उठ रही दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों का सांस लेना कठिन हो रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत खरौद के देवरी मोड़ स्थित आईटीआई के पीछे गौठान संचालित है, जो सिर्फ नाम का ही गौठान है। यहां गौठान योजना के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यहां गौवंश के लिए ना चारा है, ना पानी है और ना ही बिजली व शेड की व्यवस्था है, फिर भी गौठान में क्षमता से कई गुना अधिक गौवंश लाकर को डाला जा रहा है। चिलचिलाती तेज धूप हो या झमाझम बारिश हो, यहां गौवंश खुले में बंधक बने रहते हैं। चारा के नाम पर एक तिनका भी गौठान में नहीं हैं और न ही गौवंश को बाहर चराने के लिए चरवाहे की व्यवस्था है। गौवंश को पीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। गौठान में अभी दो सौ से अधिक गौवंश हैं। चारा-पानी नही मिलने से गौवंश के शरीर पूरी तरह सूख गए हैं, जिनमें गौवंश के कई छोटे-छोटे बछड़े भी शामिल हैं। भूख-प्यास से तड़प-तड़प कर यहां एक-दो गौवंश की मौत प्रतिदिन हो रही है। एक दिन पहले ही यहां एक साथ 29 गौवंश की मौत हो गई है। सभी मृत गौवंश को जेसीबी से ले जाकर गौठान के पीछे खुली जगह पर फेंक दिया गया है, जिससे आसपास के लोगों का बदबू से बुरा हाल है। साथ ही गंभीर बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी अब तक कोई भी जिम्मेदार गौठान की ओर झांकने तक नहीं पहुँचा है। देवरी मोड़ के आईटीआई के पीछे स्थित गौठान में गौवंश के लिए चारा, पानी, बिजली व शेड तक की व्यवस्था नहीं है। गौठान के नाम पर सिर्फ सीमेंट की पोल पर जाली घेरकर गेट लगा दिया गया है। यह गौठान किसी कसाईवाड़ा से कम नहीं है, जहां भूख प्यास से रोज गौवंश की मौत हो रही है।

नगर पंचायत खरौद के देवरी मोड़ आईटीआई के पीछे स्थित गौठान में इस वक्त दो सौ से अधिक गौवंश मौजूद हैं। चारा-पानी नहीं होने से रोजाना एक-दो गौवंश की मौत हो रही है। जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो एक-एक करके सभी गौवंश की मौत होने से नकारा नहीं जा सकता।

नगर पंचायत खरौद के देवरी मोड़ आईटीआई के पीछे गौठान निर्माण के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। गौठान निर्माण के लिए लाखों की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन गौठान निर्माण के नाम पर सिर्फ सीमेंट के पोल लगाकर जाली से घेरा कर गेट लगा दिया गया है। गौठान में चारा, पानी, बिजली व शेड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



## क्रिकेटर कपिल देव का अपहरण!

**मुंबई,26 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का क्या अपहरण हो गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ङ्ग पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में पूर्व क्रिकेट कप्तान को दो लोग पकड़कर कहीं ले जा रहे हैं। कपिल देव का मुंह और हाथ पीछे की तरफ बंधा हुआ है।

7 सेकंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जहां उन्हें ले जाया जा रहा है, वहां काफी सारे पेड़-पौधे दिख रहे हैं। उस घर के बाहर कई बोरियां एक के ऊपर एक रखी हुई है। एक व्यक्ति वहां खड़ा नजर आ रहा है। कपिल देव का मुंह और हाथ बंधा हुआ है और दो लोग उन्हें जबरदस्ती एक कमरे में ले गए। वीडियो के चौथे सेकंड में वे डरे सहमे पीछे देखते नजर आ रहे हैं। गौतम गंभीर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, ÷क्या किसी और के पास भी ये क्लिप आई है? आशा करता हूँ कि ये कपिल देव नहीं हैं और वो सुरक्षित हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया में हड़कंप मच गया। महज कुछ ही घंटों में इस वीडियो को 4.7 मिलियन लोगों ने देखा। वीडियो 2 हजार से ज्यादा रिट्वीट किया गया। वहीं डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों ने इस पर कमेंट किया। कुछ लोग कमेंट कर पूछ रहे हैं कि क्या सही में कपिल पाजी का अपहरण हो रहा? कुछ लोग सवाल कर रहे हैं कि उनके साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है?

दरअसल जो वीडियो सामने आया है। उस वीडियो में नजर आ रहे शख्स मशहूर पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव ही हैं। लेकिन जैसा वीडियो में नजर आ रहा है वैसी हकीकत नहीं है। यह वीडियो एक विज्ञापन शूट का हिस्सा है। कई मार्केटिंग कंपनी विज्ञापन से पहले ही उसे लोकप्रिय बनाने के लिए इस तरह की स्ट्रेटजी अपनाती हैं। क्रिकेट कमेंटेटर हर्षा भोगले ने भी इंस्टाग्राम इंटरव्यू के दौरान खुद के किडनैप होने का ड्रामा किया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसके लिए माफी मांग ली थी।



### एक ही परिवार के बीच खूनी संघर्ष

**जशपुर,26 सितंबर।** बड़ी खबर जशपुर से आ रही है।यहां के दुलदुला थाना क्षेत्र मे जमीन विवाद के चलते 2 लोगो की हत्या हो गयी है जबकि एक को गम्भीर हालत में जशपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक दुलदुला के बनगुरकेला गाँव मे जमीन को लेकर चाचा और भतीजा में काफी लंबे समय से बिबाद चल रहा था। मंगलवार को उसी जमीन के लिए इनके बीच फिर से विवाद हुआ ।विवाद के दौरान भतीजे ने अपनी सगी चाची और चचेरी बहन को बुरी तरह मारा ।खून से लथपथ माँ बेटी को दुलदुला अस्साल लाया गया जहां मां ने दम तोड़ दिया जबकि बेटी को सिरियस हालत में जशपुर रेफर कर दिया गया है ।

## संगीत विश्वविद्यालय के रायपुर अध्ययन केंद्र के विरोध में खैरागढ़ बंद

**खैरागढ़,26 सितंबर।** खैरागढ़ कला संगीत विश्वविद्यालय के रायपुर में अध्ययन केंद्र खोले जाने का विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. स्थानीय जागरूक नागरिकों ने आज शहर बंद का आह्वान किया है, जिसे दुकानदारों का स्वस्फूर्त समर्थन मिल रहा है. विश्वविद्यालय की कुलपति ममता चंद्राकर ने प्रेस कांफ्रेंस कर रायपुर में अध्ययन केंद्र खोले जाने की वजह बताई थी. उन्होंने कहा था कि विश्वविद्यालय की व्यवस्था को और आगे बढ़ाने के लिए रायपुर में अध्ययन केंद्र खोला गया है, जिसमें पांच विषयों पर डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जाएगा. बच्चे डिप्लोमा कोर्स के जरिए भविष्य में डिग्री कोर्स में दाखिला लेने के लिए प्रेरित होंगे. अध्ययन केंद्र का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा होगा, जिसका सीधा लाभ खैरागढ़ कला संगीत विश्वविद्यालय को मिलेगा.

कुलपति ममता चंद्राकर के स्पष्टीकरण के बावजूद स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सारी गतिविधियां गुपचुप तरीके से की गई, जिसकी वजह से उनके मन में खैरागढ़ कला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस के महत्व को करने आशंका पैदा हो गई है. इस कड़ी में आज सुबह से आहुत बंद को शहर में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है. सभी दुकानें, ठेले व टपरी बंद है. वहीं बंद के समर्थन में भाजपा नेता विक्रांत सिंह समेत खैरागढ़ के कई नागरिक बाइक रैली निकालते हुए लोगों से समर्थन देने का आह्वान किया.



### 2023 में सम्पन्न हो रही एशियाई खेलों में भारतीयों ने की दमदार शुरुआत

## खेलों के सीधे प्रसारण की व्यवस्था क्यों नहीं ?

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1951 में एशियाई खेलों के आयोजन की शुरुआत भारत से हुई। अधिकारिक तौर पर चीन के हांगझाऊ में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2023 तक 19वीं एशियाई खेल हो रहे हैं। भारत ने अब तक हुए सभी एशियाई खेलों यथा 1951, 54, 58, 62, 66, 70, 74, 78, 82, 86, 90, 94, 98, 2002, 06, 10, 14, 18 में भाग लिया और अब 2022 के खेलों में भी शामिल है। कुछ तकनीकी कारणों से कुछ खेल व खिलाड़ियों की संख्या में इन खेलों में अंतर आया है। भारत के 328 पुरुष तथा 325 महिला एथलीट 35 खेलों में मैदान में उतरेंगे। हमारे देश के खिलाड़ियों ने अब तक 157 स्वर्ण, 204 रजत और 327 कांस्य सहित 688 पदक पर कब्जा जमाया है।

भारत ने सबसे अधिक 16 स्वर्ण, 23 रजत तथा 31 कांस्य को मिलाकर 70 पदक 2018 में इंडोनेशिया के एशियाई खेलों में जीता है। पदक तालिका में भारत 1951 में स्र्वश्रेष्ठ दूसरे जबकि 1990 के बीजिंग में सबसे खराब 11वें स्थान पर रहा है। भारत ने सबसे अधिक पदक 79 स्वर्ण, 88 रजत एवं 87 कांस्य सहित 254 पदक एथलेटिक्स में जीता है। भारत ने अब तक एशियाई खेलों में एथलेटिक्स, कुश्ती, निशानेबाजी, मुक्केबाजी, टेनिस, कबड्डी, क्यू स्पोर्ट्स, हाकी, घुड़सवारी, गोल्फ, बोर्ड गेम्स, नौकायन, डायविंग, फुटबाल, पाल नौकायन, तीरंदाजी, स्क्वाश, तैराकी, वाटरपोलो, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, वुशु, सायकलिंग, व्हालीबाल, कुराश, जुडो, रोलर स्पोर्ट्स, टेबल टेनिस, केनोइंग, जिमनास्टिक, टाइक्वांडो, सेपकतकरा खेलों में पदक हासिल किया है।

कुछ प्रमुख खेल जिसमें भारत ने आज तक कोई पदक हासिल नहीं किया है उनमें व्हालीबाल, हैंडबाल, तलवारबाजी आदि प्रमुख है। खेलों के माध्यम से अपने महाद्वीप में खेलों के बादशाह बनने का अवसर मिलता है लेकिन भारत के खिलाड़ी अभी तक ऐसा प्रदर्शन दिखा नहीं पाये हैं। इसकी कई वजह हो सकती है लेकिन खिलाड़ियों के सही चयन से लेकर प्रशिक्षण, अत्याधुनिक खेल सामग्री, खेल अधोसंरचना को विशेष महत्व दिया जाता है लेकिन इसके अलावा एशियाई खेलों को टेलीविजन या मोबाइल आदि के माध्यम से जीवंत प्रसारण की व्यवस्था का ना होना भी हमारे देश के खिलाड़ियों का पदक हासिल ना करने का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। इन दिनों एशियाई खेल जारी है आम लोगों को संबंधित खेल के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों को यह नहीं पता है कि जिन खेलों में हमारे प्रतिभागी अपने प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला कर रहे हैं उनका सीधा प्रसारण किस चैनल में, कब आ रहा है या उन्हें मोबाइल वगैरह के माध्यम से कैसे देखा जा सकता है। वस्तुतः खेलों को लोकप्रिय बनाना है तो खेल प्रशासकों, खेल संघ के पदाधिकारियों, भारतीय ओलंपिक संघ को इस दिशा में ठोस व निर्णायक कदम उठाना होगा। आज जबकि भारत के विभिन्न राज्यों, शहरों, कस्बों में सीधे प्रसारण के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी या शासन की नीतियों को दिखाया जा सकता है तो फिर एशियाई या ओलंपिक खेलों को टेलीविजन या मोबाइल आदि के माध्यम से क्यों नहीं सीधे महाविद्यालय, विद्यालय के विद्यार्थियों, क्लब से जुड़े खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत स्तर पर दिखाया जा सकता? खेलों को लोकप्रिय बनाने केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार,निजी प्रतिष्ठान, औद्योगिक प्रतिष्ठान सार्वजनिक उपक्रम प्रयासरत हैं तो, फिर मीडिया के द्वारा खेलों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कोशिश क्यों नहीं की जा सकती? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दृश्य मीडिया के द्वारा मैच के संघर्ष को देखने से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर निकल सकते हैं। अतः इस दृष्टिकोण को भी खेलनीति में सम्मिलित किया जाना जरूरी है।

## प्रतिबंधित तोता की बिक्री, 2 तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद,26 सितंबर।** वन विभाग ने प्रतिबंधित तोता की बिक्री करते दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. तस्करों के पास से पिंजड़े में कैद 11 नग तोता जब्त किया है. वहीं मामले में वन विभाग ने वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तस्करों को न्यायालय में पेश किया किया है. बताया जा रहा है कि तस्कर ओडिशा के कालाहांडी से प्रतिबंधित तोता ट्रेन से लेकर में पहुंचे थे. नया रायपुर रेंज ने नवापारा सर्कल के डिप्टी रेंजर गिरीश रजक ने बताया कि आरोपी शंकर नायडू चुना भट्ठी रायपुर और लोकेश ढिढी धमतरी के निवासी है जो की आदतन तस्कर है. नयापारा शराब भट्ठी के पास पिंजरे में रखे तोता बेच रहे थे. सूचना मिलने पर 11 नग जब्त कर वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.दोनों आरोपी वन विभाग के कस्टीडी में है. पहले भी विभाग ने इन्हे रंगे हाथो पकड़ा था, लेकिन वार्निग देकर छोड़ दिया था. प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया.

आरोपियों के मुताबिक उन्हें ओडिशा के तस्कर रायपुर तक तोता लाकर देते हैं. अक्सर केसींगा से रायपुर आने वाली ट्रेन में लाया जाता है. कालाहांडी में लांजिगढ़ इलाके में फाड़ोल्ला पहाड़ों के ऊपर घने ऊंचे पेड़ों में तोता का ठिकाना है. जंगल में रहने वाले लोग पकड़ कर महज 100 रुपये नग के दर से ओडिशा के बिचौलिया को बेचता है. यही तस्कर उसे बकायदा ट्रेन में लाकर रायपुर के बिचौलिया को 400 में देता है. जो राजधानी रायपुर और आसपास इलाके में 1000 रुपये तक बिकता है. वन विभाग आरोपियों को हिरासत में लेकर तस्करों के नेटवर्क को जानने की कोशिश में जुटी हुई है.



## एक नजर



### अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई, 26 सितंबर।** उतई थाना क्षेत्र अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक युवक को पकड़ा है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 50 पौवा देशी प्लेन शराब व बिक्री की नगदी रकम 250 रुपये बरामद किया है उतई टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि अवैध शराब बिक्री करन ग्राम ढौर चौक के पास अमित कुमार यादव अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर स्टाफ बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर अमित कुमार यादव ( 28 साल ) निवासी ग्राम गोडपेंड्री को शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। उसके कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 50 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4,000 रू एवं बिक्री नगदी रकम 250 रू मिला जिसे बरामद कर जब्त किया गया है।

### प्लेट मिल में डीफेंसिव ड्राइविंग ट्रेनिंग का आयोजन



**भिलाई, 26 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग के सभागार में 25 सितम्बर 2023 को बीआईसीएफटी रेल एवं रोड सेफ्टी के संयुक्त तत्वाधान में डीफेंसिव ड्राइविंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह अनूठा प्रयास मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता की प्रेरणा से संचालित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे घर में और संयंत्र में कार्य करते समय सुरक्षा सर्वोपरि है वैसे ही घर से निकलकर संयंत्र पहुंचने और वहाँ से घर वापस आने तक रेल एवं रोड सेफ्टी भी सुरक्षा का एक अभिन्न अंग है जिसकी अवहेलना बिलकुल नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम में प्लेट मिल के नियमित कर्मचारियों के साथ प्लेट मिल के ही आतंरिक प्रशिक्षक, सहायक महाप्रबंधक ए बालासुब्रमनियम ने व्यापक रूप से अपने अनुभवों को साझा किया तथा प्रतिभगियों का ज्ञानवर्धन किया। साथ ही रोड ट्रायल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार वर्मा, महाप्रबंधक हेमंत कुमार बहुरूपी, महाप्रबंधक जे सुधाकर तथा महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी देवदत्ता सारंगी उपस्थित थे। संचालन प्लेट मिल रेल एवं रोड सुरक्षा के स्पोक, महाप्रबंधक सुनील मित्रा ने किया।

### नेहरू आर्ट गैलरी में छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन



**भिलाई, 26 सितंबर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर संयंत्र कर्मी एवं छायाकार ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खीची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन, भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जाना है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 सितम्बर को संध्याकाल मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती द्वारा किया जाना है। 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस को ध्यान में रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से दिनांक 27 से 29 सितम्बर 2023 तक, इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इनकी छायाचित्र केंद्रित है, जिसकी प्रदर्शनी की जा रही है। इन प्रदर्शित तस्वीरों के संग्रह में खूबसूरत भिलाई, छत्तीसगढ़ के झरने और हमारे भारत देश के कई शहरों के आकर्षण सम्मिलित हैं। ईश्वर कुमार पटेल, मर्चेंट मिल में चार्जमैन की पद पर कार्यरत हैं और इन्होंने 29 मई 1997 को भिलाई इस्पात संयंत्र ज्वाइन किया था। ईश्वर कुमार पटेल की रूचियाँ यात्रा, ट्रैकिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी रही। यह तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी 27 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन सध्या 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

# ड्राइंग प्रतियोगिता में 125 बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 सितंबर।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह उत ई में निजी स्कूल संकुल स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें कुल 10 स्कूल के 125 विद्यार्थियों ने भाग लिए। अलग-अलग विभाग के लिए अलग-अलग विषय दिया गया था जिसमें प्राथमिक विभाग में वृक्ष बचाएं, पानी बचाएं पूर्व माध्यमिक विभाग में पशु क्रूरता को ना कहे, ग्लोबल वार्मिंग हाई स्कूल में ऊर्जा बचाएं, अक्षय ऊर्जा का प्रयोग तथा हायर सेकेंडरी में 5 वर्ष बाद मेरे सपनों का भारत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान थे।

प्राथमिक विभाग से कु. तोशिका दीपशिखा विद्यालय प्रथम कु. आंचल यादव द्रोणाचार्य विद्यालय द्वितीय कु. हनी साहू दीपशिखा विद्यालय , नीरज प्रिज्म पब्लिक स्कूल उतई, वैष्णवी तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर ,अंजलि द्रोणाचार्य विद्यालय तृतीय दिव्यांशु सरस्वती शिशु मंदिर, हेमांक ठाकुर प्रिज्म पब्लिक स्कूल महाकाखुर्द चतुर्थ एवं साक्षी साहू एम व्ही स्कूल करगाडीह पंचम माध्यमिक विभाग से कु. कल्पना प्रथम कु. हंसिका द्वितीय दीपशिखा विद्यालय ,भावेश कुमार शांति विद्या निकेतन ,कु. टंकिता साहू महर्षि विद्या मंदिर पुरई, कु. खुशी साहू एम व्ही स्कूल तृतीय हाई स्कूल से कु. अंजलि साहू सरस्वती शिशु मंदिर प्रथम, कु. रितु देवांगन नव मंगल स्कूल द्वितीय, यश सिन्हा दीपशिखा विद्यालय ,दिलेश्वर साहू नव मंगल स्कूल तृतीय तथा हायर सेकेंडरी विभाग से कु. सरिता देवांगन प्रथम साक्षी कोसरे एवं अनुष्का देवांगन द्वितीय कु. राची साहू दीपशिखा विद्यालय तृतीय स्थान अर्जित किये।

प्रतियोगिता के दौरान सभी स्कूल के डायरेक्टर डी एल सिन्हा , दयाराम साहू ,प्रवीण सिंह ,लक्ष्मी साहू ,राजेश्वरी साहू ,संतोष ढीमर प्राचार्य के आर सिन्हा, एन के चंद्राकर, शरणजीत कौर एस आर सेन , तरुण यादव, योगिता साहू उपस्थित रहे।





**उतई, 26 सितंबर।** नव एकता व्यापारी गणेश उत्सव समिति ग्राम मचांदुर द्वारा विशाल गणेश जी की मूर्ति स्थापना शीतला प्रांगण में की गई है। रोज सैकड़ों की संख्या में पहुंचे रहे। अस पास के लोग खोपली में अलग गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजानन महाराज के दर्शन करने आ रहे।

## महिला आरक्षण बिल पास होना ऐतिहासिक उपलब्धि:सीताराम



**कवर्धा, 26 सितंबर।** लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पेश हो जाने पर भाजपा वरिष्ठ नेता सीताराम साहू ने कहा की महिला आरक्षण बिल पेश ऐतिहासिक उपलब्धि है । पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए सीताराम ने कहा की पीएम मोदी की दूरदर्शिता सोच का परिणाम है और पूरे विश्व में पीएम मोदी लोकप्रियता के शिखर पर है ।

# टाउनशिप में डेंगू रोकथाम अभियान निरन्तर जारी



**भिलाई, 26 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के निःशुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा 25 सितम्बर को सेक्टर-01, 02, 04, 06, 08 के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया गया। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफोस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। विदित हो कि लार्वा सर्वे टीम द्वारा प्रतिदिन घर-घर जाकर कूलर, गमले, पॉट, फ्रीज, वाशिंग मशीन व अन्य स्थानों सहित पानी जमा होने वाले पात्रों की सघन जांच कर लार्वा मिलने पर टेमीफोस का घोल डालकर विनष्टीकरण किया जा रहा है एवं पात्रों को खाली कराया जाता है। इसके अतिरिक्त लोगों को माइकिंग के माध्यम से तथा पॉम्पलेट वितरण कर डेंगू के लक्षण व रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। 25 सितम्बर के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 2564 घरों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 2324 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 1501 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 115 घरों में स्प्रे किया गया तथा 214 घरों में टेमीफोस दवा का वितरण किया गया। विशेषकर इस अभियान के माध्यम से डेंगू के संभावित क्षेत्रों एवं मरीजों का सर्वेक्षण कर संदिग्ध क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग कर फॉगिंग व स्प्रे कार्य किया जा रहा है।

### मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत



**भिलाई, 26 सितंबर।** भट्ठी थाना क्षेत्र जेपी सीमेंट के बगल वाले डेम में मछली पकड़ने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि वार्ड नंबर 64 नंदी चौक नेवई निवासी रवि निषाद ( 28 वर्ष ) रविवार की सुबह मछली पकड़ने के लिए जेपी सीमेंट के बगल में बने डेम गया हुआ था। डेम में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा कर मर्ग कायम कर लिया है।

### कांग्रेस की विदाई का वक्त आ गया है :संतोष पटेल



**कवर्धा, 26 सितंबर।** जिला महामंत्री संतोष पटेल ने तरुण छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के 75 पार लक्ष्य पर कहा की कांग्रेस का जीत का सपना टूटेगा और पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी । छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाला चरम सीमा पर किया है जिसका जवाब जनता चुनाव में कांग्रेस को हराकर देगी । शराब घोटाला , कोयला घोटाला की चर्चा पूरे देश में हो रही है लोग देख रहे है । कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण लाखो परिवार को पीएम आवास नही मिल पाया है । विकास सिर्फ कागज में प्रतीत हो रही है धरातल पर सिर्फ विकास जीरो दिख रहा है । कानून व्यवस्था चरमरा गई है । परिवर्तन यात्रा में हजारों लोग की भीड़ ने भी यह साबित हो चुका है की छत्तीसगढ़ राज्य में परिवर्तन हो रही है और कांग्रेस की विदाई तय हो चुकी है ।

## एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती वाड-3 में मनाई गई



**जामुल,26 सितंबर।** एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी उत्कृष्ट संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती वार्ड क्रमांक 03 लक्ष्मीपारा जामुल में मनाई गयी जहाँ भाजपा भिलाई जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर एवं भाजपा के लोगों द्वारा पंडित जी की साधना पर प्रकाश डाला गया। जिसमें विशेष रूप से महामंत्री नूतन वर्मा, बी आर रामटेके, लक्ष्मीनारायण क्षत्रिय, मेघनाथ साहू, ओमप्रकाश साहू, पंचुराम सेन, दयालु जंघेल, प्रहलाद जंघेल, गोवर्धन साहू, कमल महाराज, जगदीश देवांगन, संतोष जंघेल, साथी ही युवा मोर्चा जामुल मंडल महामंत्री विक्की डोमेंद्र बंछोर, उपाध्यक्ष किशन सिंह गर्ग, मंत्री शेष नारायण निषाद, कमल विश्वकर्मा, विवेक पांडे, सत्री मानिकपुरी, ललित देवांगन, तरुण बंछोर आदि उपस्थित रहे।

### टिकट को लेकर अभी तक कोई फैसला नही:अशोक



**कवर्धा, 26 सितंबर।** कवर्धा विधान सभा में भाजपा में बहुत सारे दावेदार के कारण भारी मंथन चल रहा है और पल पल बदल रहा है । वैसे विजय शर्मा , संतोष पटेल , मोतीराम चंद्रवंशी , राजेंद्र चंद्रवंशी , सियाराम साहू , रामकृष्ण साहू , सीताराम साहू के नाम को लेकर चर्चा जोरों से है । जिला बीजेपी अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की अभी तक टिकट को लेकर कोई फेसला नही हुआ और पहली प्राथमिकता है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाना साथ ही कवर्धा और पंडरिया में कांग्रेस को हराकर कमल खिलाना यह उद्देश्य है ।

# सात गांवों में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**भिलाई, 26 सितंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ताम्रध्वज साहू के अनुशंसा से ग्राम आमटी, विनायकपुर, अंडा, जंजगिरी, रिसामा , मतवारी और मंचादुर में विभिन्न करोड़ों की राशि से विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपुजन लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी जितेन्द्र साहू, विशेष अतिथि कृषि सभापति योगिता चंद्रकार,जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,सदस्य कृषि मंडी बोर्ड तारकेश्वर चंद्राकार, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य मनीष चंद्रकार,जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकार ,धर्मेंद्र बंजारे,मनोज चंद्राकार उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेन्द्र साहू कहा ने की प्रदेश सरकार ने हर गांव के विकास के लिए इतनी योजना संचालित की है कि उसका परिणाम है कि आज हर गांव में करोड़ों की राशि से विकास कार्य हो रहे हैं हमारी सरकार की योजना का लाभ भी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आसानी से मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित किए है, हर जरूरतमंद व्यक्ति को उसके घर पहुंचकर शासन की योजना का लाभ दिलाने का काम हमारी सरकार ने प्रारंभ किया है आगे भी हमारी सरकार इसी तरह मानव कल्याण के सेवा के लिए निरंतर काम कर रही है। इस अवसर पर सरपंच आमटी घनस्याम साहू,सरपंच ललिता गजपाल, सरपंच अंडा उमादेवी चंद्राकार, सरपंच जंजगिरी रेखा चतुर्वेदी, सरपंच रिसामा, सरपंच मतवारी, सरपंच ग्राम मंचादुर दिलीप साहू सहित वरिष्ठ गण समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।इन ग्राम पंचायत में करोड़ों का विकास कार्यग्राम आमटी 40 लाख,ग्राम विनायकपुर में 8 करोड़ 25 लाख,अंडा में 1 करोड़ 35 लाख,ग्राम जंजगिरी में 6 करोड़ 50 लाख,ग्राम रिसमा 2 करोड़ ,ग्राम मतवारी 2 करोड़ 25 लाख,ग्राम मंचादुर में 1 करोड़ का विकास कार्य सम्पन्न हुआ।

## नपा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा



**भिलाई, 26 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन चलाया जा रहा है। इंडियन स्वच्छता लीग महापौर नीरज पाल द्वारा 16 सितंबर 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़ा की शुरूआत किए इसके बाद विभिन्न आयोजनों के माध्यम से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली मोहल्लें में रैली निकाल रहे है तो कहीं तो कहीं जनभागीदारी से चौक चौराहों की सफाई करा रहे है। कचरा पृथकीकरण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को बंद कराने सफाई कर्मी घर घर पहुंचकर जागरूक कर रहे है, साथ ही साथ शहर की सफाई व्यवस्था में जुटे सफाईकर्मियों के हित का ध्यान रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित कर रहे है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शहर के मुख्य चौक चौराहो एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा का जनभागीदारी से सफाई कराना, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ श्रमदान कराते हुए सार्वजनिक स्थानों की सफाई, व्यवसायिक क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताते हुए उसके उपयोग नहीं करने रैली निकालकर अपील करना, तालाबों की सफाई, गली मोहल्लें में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए घर से निकलने वाले कचरे का व्यवस्थित रखने और आस पास स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नागरिकों को जागरूक कर रहे है, ताकि हमारा भिलाई स्वच्छ और सुंदर रहे।सफाई मित्र की सुरक्षा भी जरूरी - 16 सितंबर से शुरू हुए इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत सफाई मित्र का भी ध्यान रखा जा रहा है। भिलाई निगम द्वारा इन्हें भी सुरक्षित रखने शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर इलाज कराया जा रहा है, साथ ही सभी सफाई मित्र का आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा बीमा करवाने जैसे कार्य किए जा रहे है।

# नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर युवाओं को मतदान के लिए किया जागरूक



**भिलाई, 26 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तथा जिला प्रशासन दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में, चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्ट्रीट प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसके तहत दुर्ग प्रशासन के द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्ट्रीट प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 23 सितम्बर को एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन रुआबांधा में किया गया। इस कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग का विशेष योगदान रहा। स्ट्रीट प्रोग्राम के अंतर्गत किये जाने वाले नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य, आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक तथा प्रेरित करना है, जिससे लोग अपने-अपने मताधिकार का महत्व समझ कर उसका उपयोग करें। साथ ही अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दें। जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि ये पॉकेट्स लो-वोटर्स परफोर्मेंस वाले क्षेत्र हैं, इसलिए इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए ऐसे जगहों पर ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इस नुक्कड़ नाटक के दौरान महाप्रबंधक सूरज सोनी, सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक, जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी अमित घोष एवं सुश्री पुष्पा पुरषोत्तमन उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन कार्यालय स्वीप, दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सूत्रधार पपेट थिएटर के विभाष उपाध्याय के निर्देशन और सहयोग से वोट फॉर वोट नामक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से, वहाँ उपस्थित जनता को उनकी मतों की शक्ति, विशेषकर युवाओं के मतों का देश की राजनीति, विधानसभा से लेकर लोकसभा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को बहुत ही सरल और सहज रूप से दर्शाया गया। नुक्कड़ नाटक की इस टीम में श्रीमती अनिता उपाध्याय, सुजीत यादव, गजानंद यादव, प्रह्लाद कामडे और कुलदीप साहू शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सितम्बर को सेक्टर 04 के बोरिया मार्केट में भी इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया था। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान जागरूकता के सन्देश को मनोरंजक और सहज ढंग से लोगों तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए लगाई गुहार

**दुर्ग, 26 सितम्बर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुँचें लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को सुनते हुए शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 172 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम गाड़ाडीह निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका कच्चा मकान अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिसका एक हिस्सा गिर गया है। जिसका अवलोकन पटवारी एवं सरपंच द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका नाम सर्वे सूची में दर्ज है। मकान पूरा गिरने की स्थिति में है जिससे मुझे और मेरे परिवार को आवासीय परेशानियों का सामना करना होगा। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड 57 निवासी दिव्यांग ने बैट्री चलित ट्रायसायकल की मांग की। उन्होंने बताया कि गरीबी के चलते पैर के इंफेक्शन का इलाज समय पर नही होने की वजह से इंफेक्शन पूरे पैर में फैल गया।

एक नजर

## मंडी बोर्ड सेट लोकार्पण व रंग झरोखा कार्यक्रम 26 को

**अंवरी 26 सितंबर।** ग्राम पंचायत सेमरा ( बी) के रामसागर पारा में बने, लाखो की लागत से मंडी बोर्ड सेट निर्माण का लोकार्पण किया जाएगा, जहां मुख्य अतिथि नीलम चंद्राकार (अध्यक्ष कृषि उपज मंडी कुरुद) तारणी चंद्राकर(सभापति जिला पंचायत ) के हाथो से किया जाएगा।वही रात्रि 9 बजे से बालक गणेश उत्सव समिति, राजीव युवा मितान क्लब, ग्राम पंचायत , व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि रंगारंग कार्यक्रम रंग झरोखा रिंकी देवांगन ,कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसकी जानकारी राजीव युवा मितान क्लब की अध्यक्ष यतीश कुमार सिन्हा ने दी।

## निर्वाचन कार्य के लिए शासकीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला अधिग्रहित

**मोहला 26 सितम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना एवं स्ट्रांग रूम तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण वापसी के लिए शासकीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला में कक्ष क्रमांक 01 और कक्ष क्रमांक 02 स्ट्रांग रूम, कक्ष क्रमांक 03 और कक्ष क्रमांक 04 रिजर्व स्ट्रांग रूम, तथा कक्ष क्रमांक 05 मतगणना स्थल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अधिग्रहित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन ने जारी आदेश करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त परिसर को 1 अक्टूबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक मतगणना एवं स्ट्रांग रूम तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण व वापसी के लिए अधिग्रहित किया गया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

**रायपुर 26 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कोरोना काल में हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, आर.डी.ए. प्लाट, संजय नगर रायपुर के शिक्षकों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हे प्रशस्त्रि-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्री जयंती भाई पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, रायपुर ,श्री मिर्जा एजाज बेग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भा.ज.पा., श्री नासिर खान जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री शेख आरिफ, मंडल अध्यक्ष भा.ज.पा. पुरानी बस्ती मंडल उपस्थित थे। श्री जयंती भाई पटेल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए हुए सिद्धांतों को अपना कर ही विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता सर्वप्रथम उन्होंने की। श्री मिर्जा एजाज बेग ने भी विस्तारपूर्वक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के योगदान और उनके विचारों पर प्रकाश डाला।

## दिव्यांग बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

**धमतरी, 26 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आज अंतर्राष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी की कक्षा दसवीं विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रा कुमारी गंगेश्वरी सेठिया, तुलसी निर्मलकर, वर्षा गावडे, तृषा सिन्हा, शशि, नीलू, वर्षा साहू, विजयलक्ष्मी देवांगन सहित 50 प्रतिभागियों ने नया बस स्टैंड परिसर में सुबह 11 बजे से 'जिला धमतरी, वोट सर्वोपरी' का नारा देते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया तथा मतदान के महत्व को समझाया। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं को भी विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण श्री अखिलेश्वर तिवारी, अधीक्षक शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी श्रीमती उमा देवांगन, सहित संस्था के विशेष शिक्षक और अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनदर्शन में समस्या-शिकायतों संबंधी 125 आवेदन मिले

**धमतरी, 26 सितम्बर।** शासन की मंशानुरूप जिले के आमजनों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल ने जिला मुख्यालय सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या, मांग और शिकायतों संबंधी आवेदन बारी-बारी से लिये। कलेक्टर ने आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर इनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# आवास न्याय सम्मेलन: 50 दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित

■ मुख्यमंत्री ने दिव्यांग हितग्राही गायत्री पटेल को बीएड की पढ़ाई के लिए एक लाख रुपए सहायता राशि देने को कहा



**रायपुर, 26 सितंबर।** सांसद श्री राहुल गांधी और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन में समाज कल्याण विभाग द्वारा हितग्राहियों को किए जा रहे मोटराइज्ड ट्राईसाइकल वितरण स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉल में दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायता उपकरण वितरण योजना'' के तहत दिव्यांग गायत्री पटेल, सामंत कुमार, पूनम ठाकुर सहित कुल 50 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदान की। श्री गांधी और मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा भी की। हितग्राहियों से चर्चा के दौरान तखतपुर की रहने वाली दिव्यांग हितग्राही गायत्री पटेल ने बताया कि बचपन से ही दिव्यांग होने की वजह से उन्हें स्कूल तथा कालेज सहित अन्य कार्यों के आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मोटराइज्ड ट्राई सायकल के मिलने से वह स्वयं बिना किसी अन्य सहारे के आवागमन कर सकतीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल और सांसद श्री गांधी को अपनी आगे की शिक्षा पाने में आ रही कठिनाई के बारे में अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के पश्चात् बीएड करने के लिए एक लाख रुपए अनुदान सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार सांसद और मुख्यमंत्री ने दिव्यांग हितग्राही श्री सामंत कुमार सहित अन्य उपस्थित दिव्यांगजनों से हाथ मिलाते हुए उनका हाल-चाल जाना। उल्लेखनीय है कि शासन की समाज कल्याण विभाग अंतर्गत महत्वाकांक्षी सामर्थ्य विकास योजना के तहत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण के तहत मोटराइज्ड ट्राई साइकल सहित अन्य योजना अंतर्गत ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र, स्टिक आदि यंत्र प्रदान की जाती है। जिससे प्रदेश के विभिन्न हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

राहुल गांधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जैसे ही मैं यहां आया मेरे हाथ में रिमोट कंट्रोल दिया गया, कहा गया आप बटन दबाइए और मेरे बटन दबाते ही एक दो सेकंड में हजारों करोड़ रुपए गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों के बैंक खातों में आ गए। छत्तीसगढ़ की सरकार आज गरीबों के आवास बनवाने के लिए पैसे दे रही है। आज 12 सौ करोड़ रुपए रिमोट कंट्रोल से आपके खाते में आए हैं, आने वाले सालों में भी आपके खाते में इसी तरह पैसे आएंगे। ह्यचुनाव के समय हमने आपसे छत्तीसगढ़ की नींव को मजबूत करने वाले वायदे किए थे। किसानो का कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ और 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी का वायदा हमने किया था, हमने यह वायदा पूरा किया।

# शान्ति सरोवर में 28 सितम्बर को रूहानी सिन्धी सम्मेलन

- लन्दन से ब्रह्माकुमारी जयन्ती कृपलानी दीदी रायपुर आएंगी।
- मुम्बई के लोकप्रिय सिन्धी गायक जतिन उदासी का गायन होगा।
- शासन का संस्कृति विभाग और छ.ग. सिन्धी अकादमी मिलकर करेंगे आयोजन।
- रायपुर के कलाकार प्रस्तुत करेंगे नृत्य नाटिका।



**रायपुर, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन का संस्कृति विभाग, छ.ग. सिन्धी अकादमी और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान मिलकर राजधानी में रूहानी सिन्धी सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं। यह सम्मेलन गुरूवार, 28 सितम्बर को शाम 6 बजे विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।रूहानी सिन्धी सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जयन्ती कृपलानी दीदी लन्दन से रायपुर आ रही हैं। उनके अलावा मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत शामिल होंगे। सम्मेलन में शदाणी दरबार रायपुर के पीठाधीश साई युधिष्ठिर लाल, झूलेलाल धाम चकरभाठा के पीठाधीश साई लालदास, छ.ग. सिन्धी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, छ.ग. पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष श्रीचन्द सुन्दरानी, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी आदि भाग लेंगे। अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी करेंगी।

रूहानी सिन्धी सम्मेलन में लोगों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर देश-विदेश में लोकप्रिय सिन्धी गायक जतिन उदासी का गायन होगा। साथ ही रायपुर के बाल कलाकारों द्वारा सिन्धियों का अमर बलिदान नामक नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत किया जाएगा।

रूहानी सम्मेलन के पश्चात शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में 29 सितम्बर से सुबह एवं शाम को 7 से 8.30 बजे बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग एवं तनाव मुक्ति शिविर होगा।

## शांति समिति की बैठक में त्यौहार शांति से मनाने की अपील



डोंगरगढ़ 26 सितंबर। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगरवासियो द्वारा चौक चौराहो में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित किया गया है। समितियो द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक झांकिया निकाल कर शहर में घुमाया जावेगा जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रावासी एकत्रित होकर विसर्जन में सम्मिलित होकर झाकियो का आनंद लेते है। झांकी के दौरान शहर में काफी भीडभाड रहती है। गणेश उत्सव पर्व (झांकी) को शांतिपूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ गिरिश रामटेके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोगरगढ प्रभात कुमार पटेल, व थाना प्रभारी डोंगरगढ रामअवतार ध्रुव की उपस्थिति में थाना प्रांगण में झांकी समितियो के अध्यक्ष्य उपाध्यक्ष की बैठक लिया गया। जिसमें झांकी समिति के अध्यक्ष, गौरव साहू, कुश मालेकर, दिपांशु भारद्वाज, डिकेश साहू, अभिषेक साहू, चंदन सेन, राज सिन्हा, यशवंत मेश्राम, राजा पटेल, पूनम सिन्हा, करण यादव रहे उपस्थित झांकी समिति के पदाधिकारियो द्वारा दिनांक 28/09/2023 को कुछ गणेश प्रतिमाये का विसर्जन होना है व दिनांक 29/09/2023 को कुछ समितियो के द्वारा झांकी निकालने की बात कही गयी है व दिनांक के 28/09/2023 को मुस्लिम समुदाय के लोगो के द्वारा ईद पर्व मनाया जिसमें मुस्लिम समुदाय प्रमुख व्यक्ति परवेज खान, मो. फिरोज व क्षेत्र के पत्रकार साथी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में झांकियो के दौरान व ईद पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक तथ्यो पर विचार किया गया तथा समिति के सदस्यो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये और उनके सुझाव भी सुने गये।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 26 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक मीना के निर्देशन एंव अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर के थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में गणेश पर्व एवं विसर्जन को मद्देनजर रखते हुये शहर में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना बसंतपुर क्षेत्रांर्गत चाकूबाज, गुंडा बदमाशो पर निगरानी रखते हुये आज दिनांक 25.09.2023 को आरोपी 01 सागर मंडावी पिता स्व0 जुड़ावन मंडावी उम्र 24 वर्ष निवासी गोड़पारा नंदई थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव एव 02 विशाल यादव पिता स्व0 बसंत कुमार यादव उम्र 22 साल साकिन वार्ड नंबर 40 बबला स्टुडियो के पास इंदिरा नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के द्वारा थाना क्षेत्र मे सार्वजनिक स्थान पर लोगो को धार धार चाकू दिखाकर डराने धमकाने पर उनके विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। एंव ईलाका हाजा में अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी अभिषेक मेश्राम पिता राहुल मेश्राम उम्र 35 साल पता कोढ़ीखाना रोड तालाब के पास बसंतपुर राजनंदगांव के विरूध धारा 34 (1) आबकारी एकट तहत कार्यवाही कर उसके कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन कुल 3.960 एमएल कीमती 1760 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये जप्त किया गया इसके आलावा इलाका हाजा में मापरपीट लडाई झगडा करने वाले दो आरोपी 01 नितिन साधवानी पिता संजय साधवानी उम्र 23 साल साकिन चौखड़िया पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव 02 गुलशन साहू पिता दशरथ साहू उम्र 35 साल साकिन नंदई चौक गोंड पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव विरूद्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये धारा- 151/107,116,(3) जा0फौ0 के अंतर्गत कार्यवाही किया जाकर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। बसंतपुर पुलिस द्वारा अपराधों के नियंत्रण एंव असमाजिक तत्वो पर प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी ।

# सम्मेलन में शारदा दास मानिकपुरी महर्षि वाल्मीकि सम्मान से अलंकृत

**अंवरी 26 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य मानस संगठन तहसील भखारा द्वारा भठेली में राज्य स्तरीय पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव एवं अलंकरण समारोह प्रांतीय संगठन का वार्षिक सम्मेलन मनाया गया! समारोह में छ. ग. राज्य के विभिन्न जिलों से पधारे मानस विभूतियों, व्याख्याकारों, उद्घोषकों,निर्णायकों, गायन,वादक कलाकारों एवं मानस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अलंकृत एवं सम्मानित किया गया! इसी क्रम में भठेली निवासी श्री शारदा दास मानिकपुरी को महर्षि बाल्मीकि सम्मान से अलंकृत एवं सम्मानित किया गया,शारदा दास मानिकपुरी-सेवानिवृत शासकीय वरिष्ठ ऑडिटर,श्री रामभक्ति अनुराग मानस परिवार ग्राम करहीभदर जिला -बालोद के संचालक, व्याख्याकार गायक एवं हारमोनियम वादक के रुप में विगत 25 वर्षो से छतीसगढ़ के विभिन्न प्रतियोगिता मानस मंचो में अपनी प्रस्तुति देते आ रहे है, तथा श्री राम लीला एवं नाट्य कला मंडल करहीभदर के विगत 50 वर्षो से संचालक एवं निर्देशक है,मातेस्वरी गंगा मैया झलमला के मानस प्रतियोगिता मानस मेला मंच में वर्ष 2009 में श्री रामभक्ति अनुराग मानस परिवार करहीभदर की मंडली मानस गंगाधर की उपाधि से अलंकृत हुई, वर्ष 2005 में मानिकपुरी गंगा मैया मानस मंच के उदघोषक रहे, वे विभिन्न मानस मंचो में सहर्ष निस्वार्थ भाव से उद्घोषक एवं निर्णायक की भूमिका में अपनी सेवाएं देते हैं, वर्तमान में वे



छत्तीसगढ़ मानस संगठन तहसील भखारा के अध्यक्ष हैं,मानस मंडलियों एवं मानस आयोजन समितियों को संगठित करने में योगदान करना अपना लक्ष्य मानते हैं, जिससे रामचरितमानस के माध्यम से वर्तमान जीवन परिवेश में जागृति लाने एवं नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं श्री रामचंद्र जी के जीवन आदर्शो को अपने जीवन चरित्र में अनुकरण कराने को अपना उद्देश्य मानते है! इसी सम्मानित क्रम में माननीय श्री फिरंगी लाल जी साहू सेवानिवृत शिक्षक भठेली उम्र 93वर्ष,बाल लीला नाटक मंडली एवं मानस मंडली भठेली में मुख्य गायक एवं हारमोनियम वादक की भूमिका निभाते रहे है,उनके कला के क्षेत्र में जीवनभर विशिष्ट योगदान के लिये गायन के क्षेत्र में स्व. मयाराम सिन्हा स्मृति सम्मान से अलंकृत एवं सम्मानित किया गया!

# पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कुछ नहीं किया:मोतीलाल साहू

**रायपुर 26 सितंबर।** वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराए जाने के बयान पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस पांच साल तक छलती रही और जब चुनाव आया तो उन्हें पिछड़ा वर्ग की याद आने लगी । भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात इसलिए कह रही है ताकि वह ओबीसी वर्ग को फिर से गुमराह कर सके। वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस जाति की राजनीति में ही अपने लिए राजनीतिक मोक्ष तलाशने के लिए विवश हो चुकी है? 10 साल पहले तक जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण पर खुलकर विरोध करने वाली कांग्रेस आज जब जातिगत जनगणना के लिए इतनी व्याकुल हो रही है तो फिर कांग्रेस को पहले देश को यह बताना होगा कि जातिगत जनगणना के पीछे उसका उद्देश्य क्या है, क्योंकि ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने में 50 साल तक कांग्रेस ने रोड़े अटकाए रखा है। वह तो जनता पार्टी की सरकार ने 77 में मंडल कमीशन का गठन किया, जिसकी सिफारिश भी कांग्रेस ने लागू नहीं होने दी। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि राहुल गांधी भूल जाते हैं कि लंबे समय तक देश में शासन करने के बावजूद पिछड़ा वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कुछ नहीं किया। पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने किया है और उन्हें संवैधानिक अधिकार भी प्रदान किया। देश को ओबीसी प्रधानमंत्री भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही ऐसा रहा है कि वह सिर्फ ऐसे बिंदु तलाश करती है जिससे देश में विभेद उत्पन्न हो, क्योंकि पूरे देश में समाप्ति के कगार पर खड़ी कांग्रेस वेंटीलेटर पर साँसें गिनते अपने राजनीतिक वजूद के लिए कोई भी रास्ता इस्तेमाल करने से नहीं चूकना चाहती।

# रीपा अम्लीडीह में मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

- रंगोली, पोस्टर, लोगो बनाकर व नारे लगाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश
- शत-प्रतिशत मतदान करने और अपने गांव में सभी मतदाताओं को जागरूक करने की ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 26 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता, युवा मतदाता, श्रमिक, महिला मतदाता सहित अन्य मतदाताओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके परिपालन में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव द्वारा जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम अम्लीडीह के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला स्वसहायता समूह एवं विभिन्न कैडर की महिलाओं, कृषि सखी, पशु सखी, आरबीके तथा ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने और अपने गांव में सभी मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ ली। स्वीप अन्तर्गत महिलाओं द्वारा रंगोली व पोस्टर व लोगो बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा लगाया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री अश्वन कुमार पुशाम, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव श्री नवीन कुमार, डोंगरगांव ब्लॉक स्वीप नोडल एबीओ रश्मि ठाकुर, श्री दीपक, टिकेश्वरी सहित महिलाएं उपस्थित थी।

## पन्द्रहवें वित्त की राशि से गांव में होगा विकास:बिरेन्द्र मसिया



**मोहला 26 सितंबर।** कास निधि अंतर्गत ग्राम डबरसुर ग्राम पंचायत जोबटोला विकासखण्ड मोहला जिला मोहला मानपुर चौकी में 4.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया, क्षेत्र के लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य बिरेंद्र कुमार मसिया ने सामुदायिक भवन और सीसी रोड का भूमिपूजन किया, साथ ही ग्राम निमानखुज्जी पारा ग्राम पंचायत परसाटोला विकासखण्ड अं. चौकी जिला मोहला मानपुर चौकी में सी. सी. रोड निर्माण लागत 1.75 लाख का भूमिपूजन बिरेंद्र कुमार मसिया ने किया ,लगातार क्षेत्र में जनसमस्याओं का समाधान मसिया द्वारा किया जा रहा है । लगभग मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में बिरेंद्र कुमार मासीया द्वारा 15 वित्त जिला पंचायत विकास निधि , गौण खनिज मद से करोड़ो रुपए के कार्य स्वीकृत किते जा चुके है , मोहला मानपुर क्षेत्र क्र. 78 में जनता बिरेंद्र मसिया जी के विकास कार्यो से संतुष्ट है ! उक्त भूमिपूजन कार्य में श्रीमती हेमलता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत परसाटोला, मुन्ना ठाकुर , तेजू राम साहू , लखन यादव , उत्तम भाई , शिवचरण बढ़ाई, नरोत्तम बढ़ाई, रतन भुआर्य , अरुण चिरामे , लुबेल चिरामे, युवा कांग्रेस जिला महासचिव हिमांशु मेश्राम (लाला भाऊ) , एनएसयूआई जिला महासचिव योगेंद्र रामटेके , मुन्ना परिहार , फलस्वरूप यादव , एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे !

# एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की करेगी मानिटरिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 26 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार ने कहा कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी सतर्कता एवं गंभीरतापूर्वक करना है। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखेगी। राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा। एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की मानिटरिंग कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा के समक्ष प्रस्तुत करेंगी।

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स श्री कैलाश शर्मा, श्री दीपक सिंह ठाकुर, श्री भूपेन्द्र साहू, श्री आशानंद माखीजा, श्री आलोक जोशी द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से मीडिया प्रमाणन के संबंध में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि एमसीएमसी पेड न्यूज के मामलों में अभ्यर्थी को नोटिस प्रदान किया जाएगा। उनका सही समय पर प्राप्त उत्तर संतोषजनक होने पर पेड न्यूज का प्रकरण निराकृत माना जायेगा। असंतोषजनक पाये जाने पर तथा जांच करने पर सही पाये जाने पर पेड न्यूज का खर्च उनके व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। निर्वाचन के दौरान भ्रामक एवं अनर्गल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। आदर्श आचार संहित घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि सोशल मीडिया में संदेश, टिप्पणी, फोटो, वीडियो, ब्लाग या सेल्फ एकाउंट, वेबसाईट पर अधिप्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी। सोशल मीडिया विज्ञापन पर किया गया व्यय कंटेट, वेतन, इंटरनेट कंपनी को भुगतान चुनाव व्यय में सम्मिलित होगा। ई-पेपर पर राजनीतिक विज्ञापन का अधिप्रमाणन आवश्यक है। आयोग के आदेशानुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन में टीवी, चैनल, केबल के साथ रेडियो, एफएम, चैनल, सिनेमाघरों में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों को भी जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया में शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द्र बिगाडने, देश के संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला कटेन्ट नहीं होना चाहिए। आदर्श आचार संहिता के विपरीत पाये जाने वाले किसी विज्ञापन को प्रकाशन, प्रसारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## संपादकीय

### ये कैसा 'हार्ड स्टेट'?

नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है? बीते जुलाई में चीन में वुशु वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था, तब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन एथलीटों को स्टेपल्ड वीजा दिया था। यानी उसने अन्य भारतीय नागरिकों को दिया जाना वाला सामान्य वीजा उन्हें देने से इनकार कर दिया था। तब भारत ने उस पर कड़ा विरोध जताया और वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया। चीन जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को तब हवाई अड्डे से लौटा लिया गया था। यह एक सही प्रतिक्रिया थी। कोई देश यह मंजूर नहीं कर सकता कि उसके किसी क्षेत्र को कोई अन्य देश इस तरह विवादास्पद बनाने की कोशिश की जाए। अब चीन ने वही हरकत एशियाई खेलों के सिलसिले में दोहराई है, लेकिन इस बार भारत की प्रतिक्रिया अलग नजर आई है। इस बार सिर्फ अरुणाचल के तीन खिलाड़ी चीन नहीं भेजे गए, जबकि बाकी पूरी टीम को वहां जाने दिया गया। फिर यह खबर आई कि विरोध जताने के मकसद से खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उद्घाटन समारोह में भाग लेने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

मुद्दा यह है कि जब पूरे टूर्नामेंट के बायकॉट के भारत के फैसले की चीन ने परवाह नहीं की, तो एक मंत्री के ना आने की वह कितनी परवाह करेगा? हालांकि ऐसा फैसला खिलाड़ियों के साथ बड़ा अन्याय होता, लेकिन किसी का कोई नुकसान राष्ट्र को होने वाली क्षति से बड़ा तो नहीं हो सकता। अगर भारत एशियाई खेलों के बहिष्कार का एलान करता, तो उससे चीन की मेजबानी पर जरूर एक धब्बा लगता- साथ ही उससे चीन के इस तरह के रवैये पर दुनिया में चर्चा भी होती। जहां तक खिलाड़ियो के साथ अन्याय की बात है, तो ऐसा जुलाई में वुशु के बाकी खिलाड़ियों के साथ भी हुआ था। एक जैसी ही घटना पर कोई देश अलग-अलग मौकों पर अलग रुख कैसे अपना सकता है? नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है?

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन आज खत्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, उनकी डिमांड आज माता-पिता पूरी करेंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे, अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। जल्द ही सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से देखा जाये तो आज आप फिट रहेंगे। आज आपको कोई कंपनी बड़े प्रोजेक्ट के लिए हायर कर सकती है। आज आपको फोन पर कोई अच्छी न्यूज मिलेगी। इससे घर में खुशियां आएंगी।

वृष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रखें दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें। किसी से लिए रुपए को जल्द से जल्द चुकता करेंगे। अपने वैवाहिक जीवन को आज खास बनाएंगे। मानसिक रूप से किसी बात को अधिक सोच सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, आज फैमिली के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने का प्लान बनाएंगे। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें, लोग आपकी ओर ज्यादा आकर्षित होंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आस पास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से अच्छा है किसी बड़े की सहायता ले लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों की आज किसी बड़े नेता से मुलाकात होगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से कोई भी निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उनके हक में आयेगा। शुगर की समस्या से परेशान लोग आज अपने खानपान पर परहेज रखें। सोना चांदी के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, करियर को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों से सलाह मिलेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरूरत पड़ने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। काफी समय से सोची कोई चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीज़े सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा । छात्रों को आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की जरुरत है। जीवनसाथी के साथ आज आप शॉपिंग करने जायेंगे। आज आप बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए नयी योजना बनायेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने आर्थिक पक्ष को देखते हुए खर्च करेंगे। आज आपको कोर्ट कचहरी के मामलों से बचकर रहने की जरूरत है। आपको अपने कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको उम्मीद से कई गुना ज्यादा लाभ होगा। आपको कोई अच्छी नौकरी जल्द मिलेगी। आज आपकी समस्यायें ख़त्म होंगी। ऑयली फ़ूड से जितना हो सके दूर रहे, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लवमेट के लिए दिन अच्छा है, कहीं घूमने जाएंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त होंगी। आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरुरत है। आज बच्चे अपने मन की बात माता से शेयर करेंगे, तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जाएगा। जिससे उनका मन काफी खुश होगा। पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। काम के प्रति आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से रिश्ते में आपसी तालमेल बनाये रखें। अगर आप कपड़े का व्यापार करते हैं तो रोज से आज अधिक मुनाफा होगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आपके विचारों में सकारात्मक बदलाव आयेगा। आज इलेक्ट्रॉनिक चीजों या मशीनरी पर खर्च आदि की संभावना अधिक रहेगी । आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने को सोचेंगे उसमे सफलता जरूर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे। इस राशि के लवमेट आज मनपसंद जगह घूमने जायेंगे। कार्य क्षेत्र में नयी योजना बनायेंगे। जिसके माध्यम से आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जायेगा।आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो लोग आर्किटेक्ट, सजावट की वस्तुओं, डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं उनके लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो आपके व्यापार में लाभ कराएगा।

मकर राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। कोई नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे। आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट जाने का प्लान बनेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज ख़त्म होंगी। वाहन आदि लेने के सुखों का योग है। संतान पक्ष की उन्नति से घर में उत्साह बढ़ेगा। दांपत्य रिश्ते में सौहार्द्र बढ़ेगा। जीवनसाथी आज आपके लिए खास करेंगे, जिससे रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन मिली जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप कोई प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यान पूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख़याल रखना चाहिए। सिविल इंजीनीयर्स को आज बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।तो मेहनत करते रहें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी । स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। बुजुर्गो का मन बहलाने के लिए उन्हें बाहर घुमाने ले जायेंगे। अगर आपके रिश्ते की बात कहीं चल रही है तो.।जल्द फिक्स होने की खुशखबरी मिलेगी।

# निरंतर केसलर सिंड्रोम का घर बन रहा है अंतरिक्ष !

**गंभीर समस्या**

**सुनील कुमार महला**



विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस आधुनिक युग में अंतरिक्ष कचरा एक बड़ी समस्या है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ही अंतरिक्ष मलबे में लगातार वृद्धि देखी जा रही है क्यों कि अंतरिक्ष उद्योग आज अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है। आज विश्व का हरेक देश अंतरिक्ष के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने का इच्छुक है और अंतरिक्ष की इसी होड़ ने अंतरिक्ष कचरे को भी जन्म दिया है। अंतरिक्ष कचरा आज एक बड़ी व गंभीर समस्या इसलिए है क्यों कि तैरता हुआ अंतरिक्ष मलबा परिचालन उपग्रहों हेतु संभावित खतरा है क्योंकि इन मलबों से टकराने से उपग्रह नष्ट हो सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में एकत्रित हो रहा कचरे का ढेर भविष्य में धरती पर रह रहे लोगों के साथ-साथ यहां सक्रिय तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी बेहद घातक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, इससे हमारी संचार व्यवस्था के भी प्रभावित होने का खतरा पैदा हो सकता है। अंतरिक्ष में तैरते कचरे से टकराने पर अंतरिक्ष यान और एक्टिव सैटेलाइट्स नष्ट हो सकते हैं। इसके साथ ही, धरती पर इंटरनेट, जीपीएस, टेलीविजन प्रसारण जैसी अनेक आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। वास्तव में, अंतरिक्ष कचरे के बहुत से खतरे हैं और इस पर अंकुश लगाने की पहल की जानी आवश्यक है, क्यों कि धरती के पर्यावरण की भांति ही आज अंतरिक्ष का पर्यावरण भी गड़बड़ाता चला जा रहा है। मतलब यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरण पर अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि केसलर सिंड्रोम अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की अत्यधिक मात्रा को संदर्भित करता है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले 111 पेलोड और 105 अंतरिक्ष मलबे को पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली भारतीय वस्तुओं के रूप में पहचाना गया है। वास्तव में अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में ही परिक्रमा करता है और अंतरिक्ष में परिक्रमा कर रहा यह मलबा बाहरी अंतरिक्ष को तो प्रभावित कर ही सकता है, साथ ही साथ इससे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के प्रभावित होने की संभावनाएं हैं। अब हमें यहां यह समझने की जरूरत है कि आखिर अन्तरिक्ष मलबा है क्या ? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा पृथ्वी की कक्षा में मानव निर्मित या मानव द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुओं को संदर्भित करता है जो अब किसी उपयोगी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते हैं। अंतरिक्ष मलबे में प्रयोग किये गए रॉकेट, निष्क्रिय उपग्रह, अंतरिक्ष निकायों के टुकड़े और एंटी-सैटेलाइट सिस्टम (ए-सैट) से उत्पन्न मलबा शामिल होता है। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के 20 हजार से भी ज्यादा छोटे-बड़े उपकरण कचरा बन चुके हैं और पृथ्वी की निचली कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं। नासा के अनुसार भारत के 206 टुकड़े हैं। इनमें 89 टुकड़े पेलोड और 117 टुकड़े रॉकेट के हैं। जबकि भारत से लगभग 20 गुना ज्यादा मलबा चीन का है, उसके लगभग 3,987 टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं। ये आब्जेक्ट 0.11 सेमी से कई मीटर तक बड़े हो सकते हैं। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि जर्मन डेटाबेस कंपनी स्टेटिस्टा ने उन देशों की एक लिस्?ट जारी की है, जो अंतरिक्ष में सबसे ज्?यादा कचरा पैदा करने के लिए जिम्मेदार हैं।इस लिस्ट के अनुसार अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा कचरा फ़ैलाने में रूस नंबर वन पर है। रूस की 7 हजार से अधिक रॉकेट बॉडी कचरे के




अनुसार ही अंतरिक्ष में इस समय रूस के 7032, अमेरिका के 5216, चीन के 3854, फ्रांस के 520, जापान के 117 और भारत के 114 सैटेलाइट्स और रॉकेट्स हैं। ये एक से 10 सेमी के बराबर करीब 5 लाख से भी ज्यादा स्पेस जंक हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार करीब 8,400 टन कचरा अंतरिक्ष में है, जिसमें अधिकतर 18 हजार से लेकर 28 हजार माइल्स प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। ?अगर एक भी ऑब्जेक्ट कहीं गिरा तो वहां भारी तबाही मचा सकता है। नासा के अनुसार अंतरिक्ष में इस समय तौर पर स्?पेस में घूम रही हैं। लिस्?ट में दूसरे नंबर पर अमेरिका है। 5,216 स्?पेस कचरे के टुकड़ों के साथ अमेरिका अंतरिक्ष में मलबे को बढ़ा रहा है। अमेरिका के बाद लिस्?ट में चीन का नंबर है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर चीन का नाम है। चीन ने 3,845 मलबे के टुकड़ों को अंतरिक्ष में छोड़ा हुआ है, जो भविष्?य में स्?पेस मिशनों के लिए चुनौती बन सकते हैं। जापान और फ्रांस क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। इनके 520 और 117 मलबे के टुकड़े अंतरिक्ष में तैर रहे है। भारत का नाम इस लिस्ट में छठें नंबर पर है। ऊपर भी जानकारी दे चुका हूं कि अंतरिक्ष में भारत के 114 टुकड़ों मलबे के रूप में तैर रहें है। लिस्?ट में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सातवें नंबर पर है। उसके मिशनों के 60 टुकड़े अंतरिक्ष में कचरे के रूप में तैर रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम भी इस लिस्ट में 8वें नंबर पर शामिल हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार अंतरिक्ष मलबे को ट्रैक करने की क्षमता में सुधार से परिचालन उपग्रहों और मानव अंतरिक्ष मिशनों के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। अंतरिक्ष कचरा खतरनाक इसलिए है क्यों कि इससे ओजोन परत को भी नुकसान पहुंच रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि यह मलबा जब वापस वायुमंडल में प्रवेश करता है तो यह जलकर हानिकारक रसायन उत्सर्जित करके ओजोन परत को नुकसान पहुंचता है। अंतरिक्ष कचरा मानवजाति के लिए खतरनाक है क्यों कि लाखों डिग्री सेल्सियस ताप पर दहकते टुकड़े धरती पर गिरने से जान-माल की बड़ी हानि हो सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2001 में कोलंबिया स्पेस शटल की दुर्घटना में भारतीय मूल की कल्पना चावला समेत सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की जान चली गई थी। हालांकि इस दुर्घटना के अलग-अलग कारण बताए जाते हैं, लेकिन कुछ रिपोर्टों में यह भी आशंका जताई गई थी कि अंतरिक्ष में भटकते एक टुकड़े से टकराने की वजह से यह भीषण त्रासदी हुई थी। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र ने अंतरिक्ष मलबे को कम करने के साथ ही बाह्य अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता के लिये दिशा-निर्देश विकसित करने हेतु बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति की स्थापना की है।यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अंतरिक्ष मलबे की मात्रा को कम करने और सतत् अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ अंतरिक्ष पहल शुरू की है। आज जिस तरह से सभी देश धड़ाधड़ अपने विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों को अंजाम दे रहे हैं, उस तरह तो अंतरिक्ष में भीड़ और भी बढ़ेगी और यह भी स्पष्ट है कि इससे दुर्घटनाओं की आशंकाएं भी बढ़ेंगी। अतः अंतरिक्ष में भी धरती की ही तरह स्वच्छता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले समय में यह समस्या बहुत ही विकराल रूप धारण कर सकती है।

# स्वस्थ नागरिक व मजबूत राष्ट्र के लिए तन और मन दोनों को सशक्त रखने की आवश्यकता

**चिंतन**

**संजीव ठाकुर**



मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैद्य इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में ह्रदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज क्हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फ़िट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2/तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# पेट की थैली

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**

एक बार के लिए दोषी ने अपने पिता और पुत्र की ओर देखा और फिर जज कि ओर देखते हुए कहने लगा - हाँ मैं मानता हूँ कि मैंने अपराध किया है। गैर-कानूनी तरीके से अपने बाप-दादा की जमीन अपने पिता और पुत्र की अनुमति के बिना बेचना अपराध है। किंतु मुझे ऐसा अपराध करने का कोई पछतावा नहीं है। यह अपराध न्यायसंगत है। मैंने जीवन में इससे भी बड़े कई अपराध किए हैं। उन अपराधों के लिए पछतावा है, लेकिन इसके लिए कतई नहीं। मेरी सबसे पहली गलती यह है कि मेरा जन्म निम्नवर्गीय परिवार में हुआ। दूसरी गलती यह कि मैने शादी की। अधिक संतानों को जन्म देकर तीसरी गलती की है। अपने पिता की कमजोर पड़ती आँखों का इलाज करवाने की बजाय उनसे जमीन के कागजात पर धोखे से हस्ताक्षर करवाये, यह मेरी चौथी गलती है। मेरी पाँचवीं गलती यह है कि मैंने इकलौते बेटे की ऊँची पढ़ाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। सोचा इसकी शादी बड़े घराने में होगी तो बेटियों की शादी के लिए दहेज की चिंता नहीं सताएगी। उसके चक्कर में बेटियों के साथ अन्याय कर बैठा। मेरी छठी गलती यह है कि मैंने दहेज देने की असमर्थता के चलते अपनी बड़ी बिटिया की शादी ऐसे कसाई से कर दी जो उसे हर दिन मारता-पीटता था। एक दिन वह चल बसा। अब बिटिया विधवा बनकर घर में बैठी है। सातवीं गलती यह है कि दूसरी बिटिया अपने पैरों पर खड़े होकर दो-चार पैसे क्या कमा रही थी कि मेरे मन में लालच पैदा हो गया। कहीं उसकी शादी हो गई तो घर में आने वाली आमदनी बंद न हो जाए। इसीलिए मैने कभी उसकी शादी नहीं की। मेरी आठवीं गलती यह है कि मेरी तीसरी बिटिया प्रेम विवाह करके घर छोड़कर चली गयी तो मैं दुखी होने के बजाय खुश होने लगा। सोचा किसी तरह बला टली। मैंने नवीं गलती अपनी चौथी बिटिया की पढ़ाई बंद करवाकर की है। वह पढ़ने में अव्वल है।



बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम आयी थी। मैंने उसकी पढ़ाई यह कहकर बंद करवा दी कि तुम कहीं ज्यादा पढ़-लिख लोगी तो तुम्हारे लिए पढ़ा-लिखा लड़का ढूँढ़ना होगा। पढ़े-लिखे लड़के यूँ ही थोड़े न मिलते हैं। भारी दहेज देना पड़ता है। जो कि मेरी हैसियत से बाहर है। मेरी दसवीं गलती यह है कि मैंने अपनी बहिन के विधवा हो जाने पर सहारा देने की बजाय उसे उसके हालात पर छोड़ दिया। वह बदन बेचकर अपने बच्चों का पालन-पोषण करने लगी। मैं यह सब जानते हुए भी चुपचाप बैठा रहा। मैं न एक अच्छा बेटा बन सका, न बाप। न भाई, न पति। यहाँ तक कि मैंने अपनी पत्नी को जीवन में एक बार भी भरपेट भोजन नहीं करवाया। लानत है ऐसी जिंदगी को। थूकता हूँ खुद पर। मैंने जमीन बेचकर एक छोटी सी झोपड़ी ली है और एक छोटा सा चाय का ठेला। ताकि जैसे-तैसे घर चल सके। निम्नवर्गीय लोगों के दिमागों में चिंताएँ और घर में असीमित इच्छाएँ पलती हैं। बेकाबू महंगाई और दुखों का भार हम जैसों के लिए अभिशाप है। पानी, दूध, बिजली, राशन, बेटी-बेटा, दामाद-बहू के खर्चे, बच्चों की पढ़ाई, त्यौहार, शुभ-अशुभ अवसरों पर पूजा-पाठ सब के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है। घर में कमाने वाला मैं एक हूँ और बैठकर खाने वाले इतने हैं तो आप ही बताइए मैं क्या करूँ? यह जमीन मैंने अपने लिए नहीं, घर-परिवार के खर्चों के लिए बेची। इसलिए मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि आप मुझे जमीन बेचने के अपराध को छोड़ अब तक बताई किसी भी गलती के लिए सजा दीजिए, मैं भुगतने के लिए तैयार हूँ। - इतना कहता हुआ वह फफक-फफकर रोने लगा। न्यायालय में सन्नाटा पसर गया।

**सेहत**

# एक दिन में इतने से ज्यादा अंडे न खाएं

अंडे प्रोटीन, विटामिन बी2 (राइबोफ्लेविन), विटामिन बी12, विटामिन डी, सेलेनियम और आयोडीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. इसमें कोलीन, आयरन और फोलेट भी काफी मात्रा में होता है. जो शरीर के लिए काफी ज्यादा हेल्दी होता है और सेहत बनाए रखने में मदद करता है. अंडे में कोलेस्ट्रॉल होता है, जो एक ऐसी चीज़ है जोआपकी सेहत के लिए फायदेमंद भी है और अगर इसका लेवल हाई हो जाए तो यह आपको परेशान भी कर सकती है. लेकिन क्या सिर्फ इस एक बात की वजह से आपको इसे खाना बंद कर देना चाहिए?

**खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से आपको दिल से जुड़ी बीमारी हो सकती है**-हम सभी जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से सबसे ज्यादा दिल का नुकसान होता है. क्योंकि अगर आपका कोलेस्ट्रॉल बढ़ा तो आप दिल की बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं. या हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ सकता है. कोलेस्ट्रॉल दो तरह की होती है. एक हेल्दी और दूसरी अनहेल्दी. हेल्दी कोलेस्ट्रॉल हेल्दी सेल्स और टिश्यूज के साथ-साथ एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन और एड्रेनालाईन जैसे हार्मोन बनाती है जो शरीर के लिए बहुत अच्छा होता है. दिक्कत तब होती है जब शरीर में अनहेल्दी कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है. और सिर्फ कोलेस्ट्रॉल ही नहीं



बल्कि एलडीएल और खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है.

**एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल दिल की बीमारी और स्ट्रोक के लिए खतरनाक**-जबकि एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल दिल की बीमारी और स्ट्रोक के लिए आपके जोखिम को बढ़ाता है. यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) का कहना है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल ब्लड में कोलेस्ट्रॉल को समाहित करता है और इसे बाहर निकालने के लिए लिवर में वापस ले जाता है. यही कारण है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल दिल संबंधी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

**अंडे में होते हैं हेल्दी कोलेस्ट्रॉल**-अंडे में हाई लेवल के कोलेस्ट्रॉल होते हैं लेकिन वह सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं होते हैं. यह दूसरे फूड आइटम में मौजूद कोलेस्ट्रॉल से काफी अलग होते हैं. जैसे फैट और अनहेल्दी फैट में कोलेस्ट्रॉल होते हैं उससे अलग होते हैं.

**रोजाना इतने अंडे ही आपकी सेहत के लिए सही है**-एक बड़े अंडे में लगभग 186 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है. जो कि पूरी जर्दी में होता है. रोजाना एक पूरा अंडा खाने की डॉक्टर सलाह देते हैं. कोरियन जर्नल फूड साइंस ऑफ एनिमल रिसोर्सेज में पब्लिश एक रिसर्च में पाया गया कि प्रति सप्ताह 2-7 अंडे खाने से उच्च एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बनाए रखने और मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को कम करने में मदद मिली. जबकि रोजाना 2 अंडे खाने से आपके शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है.

## एक नजर

### दोरनापाल नगर पंचायत में नगरीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही

**सुकमा 26 सितंबर।** दोरनापाल नगर पंचायत में नगरीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही, निविदा प्रक्रिया पर उठाए गए सवाल ओपन टेंडर के बावजूद नगर पंचायत दोरनापाल के नोटिस बोर्ड में नहीं किया गया निविदाओं का चस्पा। 19 लाख के गोठान निर्माण कार्य की निविदा के विज्ञापन में अधूरी जानकारी और नोटिस बोर्ड में सही तारीख का चस्पा न होने से ज्यादातर भ्रमित ठेकेदार निविदा से किए गए दरकिनार ठेकेदारों ने सीएमओ को आवेदन कर 25 सितंबर को ही की थी निविदा प्रपत्र देने की मांग बावजूद नियमों का हवाला देते हुए नहीं दिया गया निविदा प्रपत्र निविदा प्रक्रिया में नोटिसबोर्ड में चस्पा करना होता है अनिवार्य जानकारी छुपाने का हुआ प्रयास।

### मुख्यमंत्री स्वल्पाहार योजना का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ

**सुकमा 26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सुकमा जिले के 681 प्राथमिक शालाओं में मुख्यमंत्री स्वल्पाहार योजना का प्रारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को टिफ़िन का वितरण किया । इस योजना के तहत कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को सप्ताह के पाँच दिन अलग-अलग मैन्यू के तहत स्वल्पाहार दिया जाएगा। जैसे सोमवार को पोहा, मंगलवार को दलिया, बुधवार को चना फ्राई, गुरुवार को मूंगदाल और शुक्रवार को वेज पुलाव दिया जाएगा। इससे सुकमा जिले के लगभग 17 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे। योजना के तहत स्कूल के रसोइयों को 800 रुपए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जाएगी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर टीना सेड निर्माण का हुआ उद्घाटन

**कांकेर 26 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के द्वारा जन संघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रेरणता त्याग तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मांडवी की गरिमा में उपस्थिति में पेंड्रावन शक्ति केंद्र के ग्राम भिरौद में मनाई गई इस अवसर पर ग्राम पंचायत भिरौद के द्वारा टीना सेड निर्माण का उद्घाटन के एवं एवं ग्राम पंचायत भिरौद के आश्रित ग्राम कापसपोटी में टीना सेड निर्माण के लिए भूमि पूजन के लिए सांसद मोहन मंडावी को गांव वाले आमंत्रित किए थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई जयंती के पश्चात नवीन टीना सेड एवं बजरंगबली महाराज के प्रांगण में रामायण का आयोजन किया गया था सांसद के द्वारा उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए रामायण के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक समरसता बनाकर भाईचारे के साथ रहने की आह्वान की गई साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांकेर विधानसभा क्षेत्र के अधिकृत प्रत्याशी आसाराम नेताम को अधिक से अधिक वोट देकर भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की गई सभा को जिला पंचायत के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने भी संबोधित की अपने संबोधन में माननीय नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं को अधिकार देने के लिए मातृशक्ति वंदन विधेयक लाने के लिए माननीय मोदी जी को आभार मानते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहकर प्रदेश के भ्रष्ट भूपेश सरकार मुंह तोड़ जवाब देने की बात कही भाजपा मंडल सरोना के अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया ने मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र की उपलब्धियों को बताते हुए प्रदेश में कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के नाकामियों को गिनाया सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना महामंत्री टेकेश्वर सिन्हा के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई सांसद मोहन मंडावी को अपने बीच पाकर गांव वाले गदगद हो गए सभा को संचालन फड़ेश्वर प्रसाद शर्मा के द्वारा की गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत भिरौद के सरपंच लता नेताम के ग्राम पटेल तीतरा निषाद भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम उपसरपंच महाजन टेकाम प्रभात सिंह ठाकुर उमेश मरकाम अभिराम नेताम मदन नेताम धनसाय नेताम दिनेश सूर्यवंशी जीवन नेताम कमलेश निषाद कांकेर ग्रामीण मंडल के महामंत्री प्रकाश निषाद विष्णु सरोज सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आदिवासियों ने डिपॉजिट-4 के खिलाफ हल्ला बोला

## 12 पंचायतों के ग्रामीणों ने एनएमडीसी का काम किया ठप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता मंगल कुंजाम



**किरंदुल 26 सितंबर।** दंतेवाड़ा जिले में जल, जंगल, जमीन को लेकर आदिवासी आंदोलनरत है, लाल पानी से प्रभावित 53 गावों के आदिवासियो को आज तक इस पानी से निजात नहीं मिली है। बावजूद इसके एनएमडीसी और जिला प्रशासन डिपॉजिट 4 को खोलने की तैयारी में जूटा है ,आदिवासियो ने लगातार प्रबंधन और जिला प्रशासन को सचेत किया है कि पहले समस्याग्रस्त पंचायतों की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएं ,उनको लाल पानी की वजह से हो नारकीय जीवन से उबारा जाए ,इसके बाद ही कोई नए प्लांट की दिशा में कदम आगे बढ़ाए । इन तमाम मुद्दों को एनएमडीसी और सरकार नजरअंदाज कर आदिवासियों को कुचल रही है ,इसके बावजूद सरकार नया प्लांट स्थापित करना चाहती है। इस बात को लेकर भांसी डिपोजिट 4 से प्रभावित पंचायतों के आदिवासी अक्रोशित है ! आदिवासियो ने बचेली एनएमडीसी चेक पोस्ट पर हल्ला भी बोला हैं। हजारों ग्रामीण एकत्र होकर एनएमडीसी मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। डिपॉजिट 4 का खुले तौर पर विरोध किया जा रहा है। एनएमडीसी प्लांट में चल रहे काम पूरी तरह टप हो चुके हैं। सूत्रों की माने तो एक ही दिन में करोड़ों का नुकसान हुआ है।

**डिपॉजिट 4 खुलने से पंचायतें प्रभावित होंगी :** इनमें भांसी ,कमेली ,धुरली ,झिरका , बसनपुर ,गामावड़ा ,नेरली ,दुगेली कुदेली , मोलसनार,बचेली , उरेपाल ,वेच्छापाल आदि शामिल हैं। पंचायतों के गांव पहले से ही लाला पानी का दंश झेल रहे है। किसान लाल पानी से बुरी तरह से प्रभावित है लाला पानी का मुआवजा किसानों को गाहे बगाहे ही मिल पाता है। फसलें लाल पानी से चौपट हो जाती है, एनएमडीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन किसानो के दर्द को महसूस ही नही कर रहा है।

डिपॉजिट 4 के खुलने के बाद ये गांव बद से बदतर हो जायेंगे। प्रदूषण और लाला पानी के प्रभाव से आदिवासियों का जीवन नारकीय हो जाएगा।

**इस मांग पर अड़े आदिवासी:** एनएमडीसी और जिला प्रशासन डिपॉजिट 4 के लिए जो ग्राम सभा आयोजित की थी उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ,उस ग्राम सभा की कार्रवाई को सार्वजनिक किया जाना चाहिए! 12सितम्बर को जिला प्रशासन और एनएमडीसी के द्वारा लोक सुनवाई भांसी आईटीआई में गई थी। इसका ग्रामीणों द्वारा जमकर उसका विरोध किया गया था इसके बाद भी लोक सुनवाई की कार्रवाई पूरी की गई ,यह लोक सुनवाई पूरी तरह से फर्जी है इस फर्जी लोक सुनवाई को ग्रामीण सिरे से खारिज करते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि लोक सुनवाई में पर्यावरण संरक्षण मंडल बोर्ड के नियमों का पालन किया जाए व इस पूरी कार्रवाई भी सार्वजनिक किया जाए!

इस आंदोलन का नेतृत्व बैलाडीला क्षेत्र के सभी पंचायतों के सरपंच जनपद सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों दारा किया जा रहा है !

# दो गांजा तस्कर गिरफ्तार,बाइक जब्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 26 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोमेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक सेराज खान के नेतृत्व में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए अभियान के तहत् दिनांक 22.09.2023 थाना पुसपाल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि मलकानगिरी उड़िसा की ओर से एक मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जगदलपुर की ओर आ रहे की सूचना पर थाना पुसपाल से सउनि मनबोध पोयाम के हमराह स्टॉफ आर.क. 403, 233, 793 1052, 435 के साथ कोकराल चौक पहुचकर नाकाबंदी की कार्यवाही किया गया। कुछ देर बाद टीव्हीएच अपाचे मोटर सायकल के ह्र्ष्ठ-07 श्व 7181 में दो व्यक्ति सवार थे बीच में प्लास्टिक थैला में अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसे रखे हुए थे जिसे हमराह स्टॉफ घेराबंदी कर पकड़े, जिन्हे पुछताछ करने पर अपना नाम मुन्ना भतरा पिता स्व. भगवन भतरा उम्र 34 वर्ष, संतोष नाग पिता सारदा नाग उम्र 19 वर्ष जाति माहरा साकिन कोरकोण्डा हरिजनपारा थाना + जिला मलकानगिरी ( उड़िसा ) का रहने वाला निवासी हैं बीच में रखे प्लास्टिक थैला को चेक करने पर 02 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजनीय 3.560 कि. ग्राम बरामद हुआ। थाना पुसपाल में अपराध संख्या 22 / 2023 धारा- 20 (ख) नारकोटिक एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सउनि सावंत राम पटेल, प्रधान आर 455, आर.क. 999, 1214, डीएसएफ के 2131 का विशेष योगदान रहा।

# गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'



**हैदराबाद, 26 सितंबर।** आज हैदराबाद में आयोजित 37 वें वार्षिक चैप्टर कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी को तेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया ।

श्री एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया ।

इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा,÷क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

# छग में भी किसानों को उनका अधिकार दिलाएंगे: टिकैत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 26 सितंबर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत अपने तीन दिवसीय दक्षिण बस्तर दौरे के तहत सोमवार शाम को दंतेवाड़ा पहुंचे जहां उन्होने सबसे पहले बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर पहुंच माता के सामने मत्था टेककर क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों के सुख व समृद्धि के लिए आर्शीवाद मांगा। श्री टिकैत के दंतेवाड़ा पहुंचने पर किसान युनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत समेत अंचलों से आए हुए सैकड़ों किसानों ने अपने नेता का भव्य स्वागत किया। राकेश टिकैत के साथ प्रदेश किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी प्रवीन क्रांति एवं संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह भी मौजुद रहे। माईजी के दर्शन पूजन के बाद शाम 7 बजे क्षेत्र के किसान भाई बहनों से मुलाकात करने राकेश टिकैत हास्पिटल परिसर में स्थित मां मालती देवी सेवा आश्रम पहुंचे जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अंचलों से आए हुए किसान भाई उनका सुबह से इंतजार कर रहे थे। श्री टिकैत के सेवा आश्रम पहुंचने पर मां मालती देवी सेवा आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक ननकु साहू ने राकेश टिकैत को पत्तियों से निर्मित हार पहनाकर उनका स्वागत किया। किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने स्थानीय गोंडी भाषा में अपना उद्बोधन देकर राकेश टिकैत का परिचय करवाया एवं किसानों की समस्याओं के विषय पर संक्षिप्त में अपनी बात रखी जिसके बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते कहा कि आप सबको विदित होगा कि हमने 2020 में भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए लाए गए 3 काले कानुन को दिल्ली में 13 महिने का लंबा आंदोलन चलाकर वापस करवाया था। सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा था। श्री टिकैत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खासकर बस्तर अंचल में किसानों के साथ भी यहां की सरकार किसानों की हितैषी होने का ढोंग कर रही है। किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहा। केवल किसानों के नाम पर सियासत हो रही है। समस्याओं पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। उन्होने कहा कि वे यहां के किसानों की समस्या को नजदीक से जानने के लिए ही यहां आए हैं और बस्तर के तीन जिलों में भ्रमण कर किसानों की समस्याओं के विषय में अच्छे से जानेंगे और उसके बाद हम लड़ाई लड़कर किसानों को उनका हक उनका अधिकार दिलाएंगे। उन्होने कहा कि यहां के आदिवासी वनवासी किसानों की जमीनों पर उद्योगपतियों की नजर है। जबकि यहां की जल, जंगल व जमीन पर पहला अधिकार किसान भाईयों का है। लड़ाई लड़नी होगी। श्री टिकैत ने कहा कि बस्तर में तमाम वन संपदा होने के बाद भी दशकों से यहां के किसान भाई गरीब व उपेक्षित हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना निस्वार्थ भाव से कार्य करना व जीवन में अनुशासित रहना सिखाती है:उर्मिला सिंह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नरहरपुर 26 सितंबर।** विकासखंड के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य उर्मिला सिंह की अध्यक्षता रही जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के बारे में बताया कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिन्हा के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्तमान स्थिति स्थितियों पर आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया इसी कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता प्रदीप कदम द्वारा योजना के इतिहास पर प्रकाश डाला गया वरिष्ठ व्याख्याता के ऐल कोर्राम के द्वारा योजना के महत्व को बताया गया तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत भाषण के द्वारा कार्यक्रम सफल बनाया गया जिसमें कु निहारिका के द्वारा कविता के रूप में ÷उठे समाज के लिए उठे ÷ प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम में कुमारी ज्योति प्रीति योगेंद्र लोकेश्वर ने सहयोग दिया मंच संचालन छात्र देवेश हिरवानी तथा आभार प्रदर्शन छात्र खुशाल सूरोज़िया के द्वारा किया गया।

## समाचार संक्षेप

### भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



**सुकमा 26 सितंबर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद सुकमा की बैठक 24 सितम्बर 2023को का. हडमा मरकाम के अध्यक्षता में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय सुकमा में संपन्न हुआ। इसके पूर्व जिला सचिव मंडल की बैठक हुई। 2023 मे होने वाली विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन के संबंध में गहन विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से का. मनीष कुंजाम को कोंटा विधानसभा में प्रत्याशी बनाये जाने हेतु जिला परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कर छत्तीसगढ़ राज्य परिषद को अनुमोदन हेतु भेजा गया। 4 अक्टूबर 2023 को जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक मे विधिवत रूप से राष्ट्रीय नेतृत्व प्रभारी छत्तीसगढ़ द्वारा घोषणा किया जायेगा। इस अवसर पर कामरेड मनीष कुंजाम, रामा सोड़ी, हान्दा कवासी, गंगाराम नाग,महेश कुंजाम, शैलेन्द्र कश्यप, राजेश नाग, मंगडू कवासी, जीआर नेगी, देवाराम मंडावी, मंजू कवासी,आराधना मरकाम, कुसुम नाग, लीना ओयाम रवडा राव, पासा, सहित सचिव मंडल व जिला परिषद के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजस्थान के लोक देवता बाबा रामदेव की निकाली शोभायात्रा



**सुकमा 26 सितंबर।** राजस्थान के लोक देवता बाबा रामदेव जी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बाबा के भजनों से नगर गूंज उठा। वही बाबा रामदेव की झांकी आकर्षक का केंद्र रहा। रविवार को माहेश्वरी समाज द्वारा राजस्थान के लोक देवता बाबा रामदेव जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो माहेश्वरी भवन से निकली नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस भवन पहुँची। वही बाबा के भजनों से पूरा नगर गूंज उठा, माहौल भक्तिमय हो गया। साथ ही बाबा रामदेव की झांकी आकर्षक का केंद रहा। वही बाबा रामदेव की झांकी व शोभायात्रा ने राजस्थानी समाज के महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। साथ ही शोभायात्रा के दौरान जगह- जगह शीतल पेयलज पिलाया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व नपा अध्यक्ष राजू साहू शामिल हुए।

### राकेंल में रामकथा का आयोजन



**सुकमा 26 सितंबर।** गौरी गणेश सेवा आश्रम राकेंल में राम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव चल रहा है। 28 सितंबर को पूर्ण आहुति एवं भण्डारा होगा। पहली बार रोकेल में राम कथा हो रही है। कथा वाचक वृंदावासी पंडित राघव दास महराज हैं।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**जगदलपुर, 26 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान समय अधिसूचित करने सहित समस्त प्रचार-प्रसार में उपयोगी आवश्यक सामग्री पर किये जाने वाले व्ययों का मानक दर निर्धारण करने सम्बन्धी चर्चा की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी सहित विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर, बस्तर एवं चित्रकोट के रिटर्निंग ऑफिसर तथा प्रचार-प्रसार में उपयोग किये जाने वाले आवश्यक सामग्री के दर निर्धारण हेतु गठित समिति के सदस्य अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से निखर रही स्कूली बच्चों की प्रतिभा , वर्षों पुरानी परंपरा आज भी है कायम, इस बार युवाओं ने संभाली कमान

# सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नगर में धूम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम 26 सितंबर।** लगभग 1946-47 से गीदम नगर के हृदय स्थल पुराना बाजार पारा में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना करना प्रारंभ किया गया जो आज भी जारी है। गीदम नगर की सुख शांति, आपसी सौहार्द एवम सामाजिक समरसता स्थापित करने, साथ ही नगर के स्कूली बच्चों को अपने ही नगर के लोगो के बीच प्रतिभा का जौहर दिखाने हेतु गणेश स्थापना के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रारंभ किया गया। शुरुआत में एक या दो स्कूलों के कार्यक्रम के साथ साथ सार्वजनिक कला मंच गीदम जो गीदम के स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान करती थी, उनके द्वारा इस पर्व में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते थे। गीदम क्लब या सार्वजनिक कला मंच के नाम से मसहूर क्लब में स्थानीय लोगो द्वारा ऑर्केस्ट के तर्ज पर अपनी प्रस्तुत देकर गीदम नगर में अपनी एक अलग पहचान बना लिया था। धीरे धीरे समय के साथ आयोजन मंडल द्वारा स्कूली कार्यक्रमों में वृद्धि की एवम कई बार बाहर के मसहूर ऑर्केस्टा का आयोजन कर गीदम नगर में आयोजन को सफल बनाया। गीदम नगर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नगर सहित आस पास के 15 से 20 किमी दूर से ग्रामीण देखने हेतु प्रतिदिन 3000 से 4000 की संख्या में उपस्थित रहते हैं। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी को देखते हुए इस आयोजन कुछ समय के लिए अल्पविराम लग गया था। लेकिन वर्ष 2023 में पुनः गीदम नगर में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति गीदम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। समिति के अध्यक्ष अजय अवस्थी के द्वारा बताया गया की पिछले कुछ समय से यह आयोजन नहीं हो पाया है, लेकिन इस बार इस आयोजन को बहुत ही धूम धाम से कराया जायेगा, समिति द्वारा स्कूली बच्चों को एक मंच देने का प्रयास किया जा रहा हैं, जिसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके । समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि इस आयोजन का इंतज़ार गीदम नगरवासी साल भर से करते हैं, आस पास के लोग भी यहां देखने आते हैं। इस बार लगभग 07 से 08 स्कूल के बच्चों का कार्यक्रम हैं। 04 दिवसीय कार्यक्रम के पश्चात अन्तिम दिन में पुरुस्कार वितरण एवम समापन कार्यक्रम रखा गया हैं। यह कार्यक्रम आपस में स्कूली छात्राओं को एकजुट करता है एवम नगर में पुरे 11 दिवस सौहाद्र का माहौल रहता हैं।। वर्तमान में सार्वजनीक गणेश उत्सव समिति गीदम में उपाध्यक्ष अजय राजपूत, अनीश जॉर्ज, शिवम गुप्ता, महासचिव सूरज सिंह, कोषाध्यक्ष भरत कौशल, राजेंद्र संवई, सांस्कृतिक प्रभारी साजिद भारती, रोहित जैन, शैलेंद्र सिंह एवम अन्य सदस्यगण सम्मिलित हैं।

## एक नजर

### सिमगा में गणेशोत्सव की धूम



**सिमगा, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सदर रोड में विराजमान आर्यन्स राजा गनेशोत्सव समिति का यह 23 वा वर्ष है जिनका दर्शन करने दूर दूर से भक्तजन आते है मूर्ति पंडाल की सजावट लोगो के बीच कौतूहल का विषय बना रहता है गणेश भगवान की स्थापना के साथ साथ बेदी पूजन दूर्वा पूजन और छप्पन भोग लगाकर भगवान की पूजा की जाती है इसके साथ ही विसर्जन भी बड़ी धूम् धाम से झांकी बाजे गाजे के साथ किया जाता है जिसमे हजारो भक्तजन सामिल होते है।

### पयूर्षण पर्व पर जैनियों ने की उपासना



**सिमगा, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पर्यूषण पर्व जैनियों का बड़ा पर्व है सिमगा दिगंबर जैन समाज सिमगा के हर एक वर्ग के छोटे बच्चों से लेकर बड़े सभी मिलकर शांतिपूर्वक उपवास रखकर मना रहे हैं पर्यूषण पर्व सुबह भगवान जी की बेदी की सफाई व प्राचल से शुरुआत होती है फिर धीरे-धीरे पूजा की प्रक्रिया प्रारंभ कर अभिषेक वह शांति धारा होती है और सभी मिलकर लंबे समय तक पाठ करते हैं।

### जैन महिलाओं ने मनाई सुगम दशमी



**सिमगा, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पर्यूषण पर्व में 1 दिन सुगम दशमी का होता है जिसे सभी मिलकर इस दिन को अच्छे व शांति पूर्वक मानते हैं इस दिन महिलाएं अपने बच्चों व पति और परिवार के स्वास्थ्य व जीवन के लिए मंगल व शुभकामनाएं करती हैं सिमगा दिगंबर जैन समाज सिमगा की महिलाओं के द्वारा अपने बच्चों पति और परिवार के स्वास्थ्य व जीवन की मंगल व शुभकामनाएं की गई।

### गोधन न्याय योजना में लापरवाही, सचिव निलंबित

**बलौदाबाजार, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने गोधन न्याय योजना में लापरवाही बरतने के चलते जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त्य को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत् किया गया हैं। निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कसडोल निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाशील होगा।

### पुलिस ने की असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 14 सितम्बर को लोगों से शराब पीने के लिए पैसे मांगना एवं मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने वाले अनावेदक 01. पवन कुर्रे पिता कमल कुर्रे उम्र 30 साल निवासी लवन तथा दूसरे मामले में आवेदक के दीवाल से पत्थर निकाल कर अपने दीवाल बनाने में उपयोग करने से मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने वाले अनावेदक मायाराम कैवर्त्य पिता भुरु राम उम्र 40 साल ग्राम तिल्दा के विरुद्ध धारा 151 जाफौ. के तहत गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश कर जेल में निरूद्ध किया गया। तथा जेएमएफसी न्यायालय के दा.प्र.क्र. 40/2023 धारा 138, 142 एन आई एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तारी वारंटी गोकुल साहू पिता छतराम साहू उम्र 29 साल ग्राम सरखोर थाना लवन को पता तलाश कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

---

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कसडोल विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर साधा निशाना

# राहुल नए वादे करने से पहले ये बताएं, पुराने वादे क्यों भूल गए: साव

■ समाज के अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति स्वालंबी बने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं : श्रीपद नाइक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कसडोल, 26 सितम्बर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा में आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की हवा चल पड़ी हैं और आज परिवर्तन का संदेश लेकर भाजपा की परिवर्तन यात्रा कसडोल पहुंची हैं। उन्होंने विशाल आमसभा को कसडोल में संबोधित करते हुए कहा आज देश की गरीब जनता को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि गरीबों की चिंता करने वाला प्रधानमंत्री के रूप में एक गरीब मां का बेटा ...नरेंद्र मोदी बैठा है।

साव ने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के लोगों को मूर्ख समझकर गेड़ी चलाना, कांटे वाली चम्मच से बासी खाना सिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के लोग मेहनती हैं, ईमानदार हैं। बेवकूफ नहीं है। प्रदेश की जनता गेड़ी चढ़ना जानती हैं और बासी खाना भी जानते हैं। आपको छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रदेश के विकास के लिए सत्ता पर बैठाया था। आज प्रदेश में विकास के सारे काम ठप्प पड़ गए हैं। पौने पांच साल में इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं बनाया है।

कांग्रेस सरकार ने जनघोषणा पत्र में बिजली बिल हाफ करने का वादा किया था। बिजली बिल तो हाफ नहीं हुआ बल्कि बिजली हाफ हो गया और बिजली का बिल तीन गुना बढ़ गया। प्रदेश की जनता को बढ़ा हुआ बिजली बिल देकर झटका देने का काम बघेल सरकार ने किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के लोग कमल के फूल में बटन दबाकर कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकेंगे और भूपेश बघेल को जोरदार झटका देंगे। छत्तीसगढ़ की जनता इस बार भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। वादाखिलाफी करने वाली धोखा देने वाली कांग्रेस के नेता राहुल गांधी छत्तीसगढ़ की जनता को हिसाब दे कर जाएं। आज राहुल गांधी आए हैं वही राहुल गांधी जो 2018 में बोल कर गए थे 200 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगेगा, बोल कर गए थे, शराबबंदी का वादा किए थे, कई वादे किए थे एक भी पूरा नहीं हुआ। भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा राहुल गांधी आज फिर चुनाव आ गया तो आ गए। अब उन्हें हिसाब दे कर जाना चाहिए कि कितने वादे पूरे हुए? जो वादा राहुल गांधी और कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता से किए थे उसमें से कितने वादे पूरे हुए? राहुल गांधी जनता को बताएं ...हिसाब दें। केंद्रीय पोत परिवहन जल मार्ग एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने छत्तीसगढ़ी में जनता का अभिवादन करते हुए गुरु घासीदास बाबा और शहीद वीर नारायण सिंह को नमन करते हुए बूढ़ा देव को प्रणाम करते हुए कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती हैं और उन्होंने ही अंत्योदय का सिद्धांत हमे दिया कि किस प्रकार से समाज के अंतिम पंक्ति का, अंतिम व्यक्ति स्वालंबी बने। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता करते हुए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर जल पहुंचाने के लिए योजना यह सब मोदी सरकार की देन हैं। आमसभा में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नाइक, शिवरतन शर्मा, महेश गागड़ा, गौरीशंकर अग्रवाल, निरंजन सिन्हा, गुरु बालदास, लक्ष्मी वर्मा, श्याम बाई साहू, अमित चिमनानी, सनम जांगड़े, मोतीराम चंद्रवंशी, सुरेंद्र पाटनी डॉ अजय राव, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, खुशबू बंजारे, तेजराम वर्मा, सेवक वर्मा, कृष्ण कुमार पटेल, राजकुमार जायसवाल, सुलोचना यादव, सहित पूरे क्षेत्र से कार्यकर्ता बन्धु मातृशक्ति उपस्थित रहे।

---

जनपद सीईओ के अनदेखी के चलते सरपंच, सचिव पर नहीं हो रही कार्रवाई

# सार्वजनिक शौचालय चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**ग्राम पंचायत दशरमा भवन में पुनः लटका मिला ताला, जनपद सीईओ कार्यवाही के लिए लिखित शिकायत का कर रहे इंतजार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 सितम्बर।** जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम पंचायत दशरमा में जनता के उपयोग के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय में जमकर किया गया है भ्रष्टाचार, शासन द्वारा आए 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि को सरपंच एवं सचिव ने मिलकर खानापूर्ति कर निर्माण कराया गया है। शौचालय में ना पानी की व्यवस्था है ना विद्युत की व्यवस्था है ना ही बोर हुआ है फिर भी सार्वजनिक शौचालय के छत के ऊपर पाईप लगे हुए हैं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो वर्ष 2021 में सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए शासन से 3 लाख 50 हजार राशि आया गया था जिसका सार्वजनिक शौचालय निर्माण होना था किंतु सरपंच/सचिव की मिली भगत से यह सार्वजनिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया निम्न स्तर के मटेरियलों का उपयोग कर निर्माण किया गया है जिस कारण से टाइल्स उखड़ने लग गये है। शौचालय के छत से पानी टपक रहा है। वहीं कहीं ना कहीं शौचालय निर्माण में मूल्यांकन सत्यापन करने वाले अधिकारी के भी उक्त कार्य में सहभागिता दिखाई दे रही है तभी इतना घटिया और निम्न स्तर के सुविधाविहीन शौचालय का निर्माण हुआ है। वहीं दूसरी खंड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है जिसमें अनावश्यक ताला लगाया दिया गया है जिस कारण से गांव की महिलाएं शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रही हैं उन्हें खुले में ही जाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो दशरमा पंचायत में सरपंच सचिव की भ्रष्टाचार की अनगिनत मामले निकलकर सामने आ रहे हैं किंतु अधिकारियों के संरक्षण के चलते इस पंचायत में कभी भी किसी कार्य की जांच नहीं हुई।

स्थानीय ग्रामीणों की माने तो सरपंच को गांव की बागडोर संभालते हुए लगातार यह दूसरा कार्यकाल है वही सचिव संगीता मिश्रा को लगभग 9 सालों से एक ही पंचायत में डटी हुई है। सरपंच और सचिव की लंबे अंतराल की जोड़ी के कारण से पंचायत के अधिकतर कार्य सरपंच पति अंगद यदु से कराया जाता है, जिस वजह से पंचायत के संचालन में भी अंगद यदु की विशेष भूमिका प्रतीत होती है।

**सरपंच सचिव की मिलीभगत से सरपंच पति अंगद यदु ने लाखों रुपए आहरण किए:** सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में सरपंच पति अंगद यदु द्वारा लाखों रुपए की राशि का आहरण पंचायत से किया गया है जो कि पंचायती राज अधिनियम के विरुध्द है उसके बावजूद उच्च अधिकारी मौन होकर लिखित शिकायत की प्रतीक्षा का बहाना बनाकर मामले को दबाने के प्रयास में दिखाई पड़ते प्रतीत होते है चूंकि पूर्व में भी लगातार पंचायत भवन में ताला लगना और भ्रष्टाचार का प्रकाशन मीडिया सहित सोशल मीडिया आदि में प्रकाशन हो चुका है उसके बावजूद आला अधिकारी मौन बैठकर लिखित शिकायत का इंतजार कर रहे है।

### गोलमोल जवाब देते हैं सीईओ

पूर्व की भांति पंचायत में ताला लगे रहने के कारण जनपद सीईओ बलौदाबाजार रवि कुमार को फोन लगाया गया तो उनके द्वारा भी गोलमोल जवाब देते कहा गया कि लिखित शिकायत पत्र आने पर ही कार्यवाही की जा सकती है।

शौचालय निर्माण के संबंध में जानकारी लेने जब पंचायत कार्यालय पहुंचे तो पंचायत भवन में पूर्व की भांति ताला लटका हुआ था वहां से सचिव के मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं कार्य के संबंध में जनपद आई हूं। वही सार्वजनिक शौचालय के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा ढुलमुल जवाब देते हुए कहा गया कि मैं आज नहीं बता पाऊंगी।

**संगीता मिश्रा**
सचिव ग्राम पंचायत दशरमा

सरपंच पति अंगद यदु से मोबाइल में बात करने पर पता चला कि वह अभी बाहर हैं इस कारण से सरपंच से मुलाकात अभी नहीं हो पाएगी।

**अंगद यदु**
सरपंच पति दशरमा

---

# जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने दिखलाई झंडी, मचा बवाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 26 सितम्बर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में हिस्सा लेने के लिये जनपद पंचायत भाटा पारा से गई टीम वाहन को जिले के विभिन्न विकास खंडों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि से झंडी दिखलाए जाने पर बवाल मच गया है और ग्रामीण अंचल से जुड़े लोग सवाल खड़ा कर रहे है की पंचायत राज अधिनियम में क्या अध्यक्ष को प्रतिनिधि रखने का प्रावधान हो गया है क्या,, अगर नही हुआ है तो उनसे किस हैसियत से वाहन को हरी झंडी दिखलाई गई।

विदित हो की खोखो ह से 18 आयु वर्ग कोदवा की टीम. संकली 18 से 40 आयु वर्ग लेवई टीम .0 से 18 आयु वर्ग हेतु लगंड़ी दौर टीम लमती व 18 से 40 वर्ग आयु वर्ग में70 - 80 कि.ग्राम में करहीबाजार के खिलाड़ीओ को विशेष वाहनो से जनपद पंचायत भाटापारा से रवाना हुवें. इस यात्रा को जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी परमेश्वर वर्मा द्वारा हरा झंडा दिखा कर रायपुर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु रवाना किए जाने पर लोगो ने सवाल खड़ा करते हुए पूछा है की पंचायत राज अधिनियम में ऐसा कौन सा प्रावधान आ गया है की जनपद अध्यक्ष अपना प्रतिनिधि रख सकता है ? और उक्त प्रतिनिधि किसी भी सरकारी आयोजन में बतौर अतिथि रह सकता है या किसी भी सरकारी आयोजन के लिए जाने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाने की पात्रता के योग्य है, बहरहाल इस मसले ने नगर में राजनीतिक सरगर्मी तेज कर दी है और लोगो ने यहां तक बताया की जनपद अध्यक्ष की अनुपस्थिति में भी उनके कमरा को खोल दिया जाता है। ज्ञात हो की राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक स्पर्धा 25 से 27 सितम्बर को रायपुर के तीन विभिन्न स्टेडियमो में आयोजित होगी.वाहन को रवाना करने के अवसर पर जनपद भाटापारा सी.ई.ओ राजेन्द्र पांडे, सिमगा सी.ई.ओ दुबे, ब.बाजार सी.ई.ओ रविकुमार, पलारी सी.ई.ओ नायक, अति.सी.ई.ओ गेंडरे, करारोपण अधिकारी संतोष शर्मा, हेमलाल वर्मा, विभिन्न पंचायतो से आये युवा मितान क्लब के अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधी गण व जनपद व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

---

# कृषि सहकारी समिति वार्षिक सभा में लेखा-जोखा प्रस्तुत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 26 सितम्बर।** सहकारी समिति की वार्षिक सभा 21 सितम्बर को कृषि उपज मण्डी प्रागण में रखी गई थी जिसकी अध्यक्षता किसान नेता मो. अय्यूब खान, के एस. ध्रुव प्राधिकरण अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक प्रभारी मंजूला शर्मा की उपस्थिति में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट में प्रारंभ हुई जिसमे उन्होने शालाना लेखा-जोखा विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 मे धान खरीदी 62.448.40 धान खरीदी की गई एवं 3.66 टन यूरिया 136:48 टन डीएपी, 78 टन सुपर एवं पोटाश खाद की बिकी हुई और किसानों के खाते में 1037000/- अमानत राशि जमा होना बताया गया। किसानो को ऋण संबंधी शासन द्वारा बिना ब्याज के वितरण किया जाता है जिसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं किसान नेता अय्यूब खान ने अपने उदबोधन में किसानों को संबोधित करते हुए समिति के बारे में तार घेरा, ऋण एवं अभी शासन द्वारा पशुधन हेतु ऋण एक ही खाते में शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है जिसकी जानकारी देते हुए किसानों की समिति से ऋण लेने की बात कही गई एवं किसाना नेता द्वारा कचलोन में नये धान केन्द्र खोलने का ज्ञापन के. एस. ध्रुव प्राधिकरण अधिकारी को सौपा गया एवं समिति कर्मचारियों द्वारा महंगाई को देखते हुए 40 प्रतिशत वेतन वृद्धि की बात रखी गई जिसे किसान नेता ने 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि किसानो की सहमती से सर्वसम्मति से करने की बात प्रस्ताव में लाई गई एवं किसानों द्वारा कई वर्षो से कीटनाशक दवाई दुकान टिगड्डा चौक में समिति के नाम से समिति की अमानत राशि से बिना सहमती के चलाई गई थी जिसके घोटाला संबंधी किसानों ने बात रखी जिसमे काफी बहस और नोकझोक हुई जिसमे के. एस. ध्रुव, अध्यक्ष किसान नेता द्वारा प्रबंधक मंजूला शर्मा द्वारा जांच फाईल तत्काल पटल पर रखने की बात कही गई जिस उन्होंने जांच फाईल पटल पर रखी जिसमे प्राधिकरण अधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव में लाया गया जिसे दोषियों को रकम वसूली एवं कानूनी कार्यवाही तत्काल कर जानकारी देने की बात कहीं गई तब कही जाकर किसानों का गुस्सा शांत हुआ। अंत में और भी प्रस्ताव किसान कुटीर बनाने का मांग की गई एवं किसानो के धान खरीदी के समय होने वाली अनियमितता को दूर करने एवं किसानो से सही व्यवहार करने की बात करते हुए सभा सायं 5 बजे संपन्न हुई। सभा मे प्रमुख रूप से बिसाहू राम, भानू प्रताप, नीलकमल साहू, चैतराम साहू, और कई गणमान्य किसान व सभी किसान भाई सिमगा, कचलोन, खण्डवा, चुटचुटिया, तेंदुभाठा के किसान उपस्थित थे। सभा का समापन बिसाहू राम साहू कचलोन द्वारा किया गया।

---


## कार्यालय सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना-रायपुर (छ.ग.)

क्र.-व्हीआईपी/सु.बटा/माना/सा.अ./A/977-J/23 — दिनांक 22/09/2023

### निविदा विज्ञप्ति

माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन की सुरक्षा ड्यूटी में कर्तव्यस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के लिए निम्नानुसार निर्धारित स्पेशिफिकेशन अनुसार **'सफारी सूट, ब्लेजर, पेन्ट एवं जूता'** क्रय किये जाने हेतु 02 बन्द लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बिड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंशियल बिड) निर्माता अथवा निर्माता द्वारा अधिकृत विक्रेता से मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| सामग्री का नाम | तादात | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित व्यय | सुरक्षा निधि |
|---|---|---|---|---|
| सफारी सूट | 170 सेट | Cloth-35% wool/65% Polyester<br>Colour-Dark Gsrey/Navy Blue/Light Grey 143 | 8,50,000.00 | 59,000.00 |
| ब्लेजर | 26 नग | Cloth-52% wool/48% Polyester<br>Colour-Navy Blue/Black/Grey<br>best quality material and stitch | 1,56,000.00 | |
| | 112 नग | Cloth-52% wool/48% Polyester<br>Colour-Navy Blue/Black/Grey<br>good quality material and stitch | 5,60,000.00 | |
| पेन्ट | 52 नग | Cloth-52% wool/48% Polyester<br>Colour-Navy Blue/Black/Grey | 1,56,000.00 | |
| | 112 नग | Cloth-52% wool/48% Polyester<br>Colour-Dark Gsrey/Navy Blue | 2,24,000.00 | |
| जूता Sports/ Lether | 26 जो. | Light Weight<br>Supportive upper provides comfort<br>Flexibility and breathability.<br>Colour- Black with laces/Gray | 1,56,000.00 | 20,000.00 |
| जूता Sports | 170 जो. | Light Weight<br>Soft and lightweight engineered mesh upper<br>offers breatability and flexibility.<br>Colour- Black with laces/Gray | 2,55,000.00 | |
| जूता Lether | 170 जो. | Light Weight<br>Genuine Leather shoes (Black)<br>offers breatability and flexibility.<br>Closure- Lace-up Shoe, Oxford pattern | 2,55,000.00 | |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रूपये 1100/- (रु. एक हजार एक सौ मात्र) कोषालय में **लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट** के अंतर्गत सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना को प्रस्तुत कर दिनांक 23.10.2023 के 17:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक-23.10.2023 को समय 17:00 बजे तक। |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक-25.10.2023 को समय 14:00 बजे तक। |
| निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि/समय एवं स्थान | दिनांक-25.10.2023 को समय 16:00 बजे।<br>व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना-रायपुर। |

**नोटः-**

1. निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा खोलने की तिथि में यदि अवकाश घोषित होती है, तो निविदा अगले कार्यालयीन दिवस में खोली जावेगी।

**सेनानी**
**व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी**
**माना, रायपुर (छ.ग.)**

जी-05658/4


---

# बोड़राबांधा में बह रही संगीतमय रामचरितमानस की गंगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 26 सितम्बर।** विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम बोड़राबांधा (ब)में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय संगीतमय रामचरितमानस गान प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार रविवार को किया गया।जिसमें प्रथम दिवसीय का शुभारंभ समस्त ग्रामवासी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा भक्तों ने दो दिन तक रामचरितमानस गान सुना।हजारों की संख्या में भक्तों ने अपने जीवन को मानस गान सुनकर अपने को तृप्त किया।जिसमें द्वितीय दिवस में मानस गान कृष्णा मानस परिवार भैरा, पुष्पांजलि मानस परिवार पलेमा छुरा, संगम बालिका मानस परिवार आवरा डबरी खल्लारी, चंचल मानस परिवार टोनाटार बलौदाबाजार, जय गुरुदेव कीर्तनकार मानस परिवार परसदा फिंगेश्वर, राम दरबार मानस परिवार की चितमखार जिला महासमुंद, का भक्ति में आयोजन हुआ।श्री रामकथा का रसपान करने पहुंचे सर्व आदिवासी समाज की तहसील अध्यक्ष व सरपंच कौशल सिंह ठाकुर, समाजसेवी मनोज पटेल पुनिताराम ठाकुर, मोहन नेताम, संतोष पटेल, इन सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यशवंत पटेल ग्राम अध्यक्ष, रूप सिंह पटेल ग्राम पंच, रैनसिंह नेताम, सोहन नागेश, देवशरण नागेश खेलन नागेश, भोला पटेल, कुलेश्वर पटेल, कृपाल नागेश, भानुप्रताप नागेश, हेमसिंह, टंकेश ठाकुर, रेवा नागेश, धनीराम पटेल, एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी जूपिटर पार

**रायपुर, 26 सितंबर।** गली नंबर 2 जयहिंद चौक लोधीपारा में घर के बाहर खड़ी जूपिटर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्तम जंघेल 30 वर्ष गली नंबर 2 जयहिंद चौक लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी जूपिटर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीबी 2594 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जूपिटर की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर, 26 सितंबर।** जीवन विहार कालोनी में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश सोनी 22 वर्ष राजीव गांधी नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी भुरू, शेखर, दादू व अन्य प्रार्थी के पास आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पैसा नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 327, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 26 सितंबर।** फेकटपारा देवेन्द्र नगर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसासर पहले पक्ष से प्रार्थिया समीम बेगम 62 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया वहिदा बेगम प्रार्थिया के पति सकील अहमद से गाली-गलौज कर रहा था, जिसे मना करने पर आरोपिया ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया वहिदा बेगम 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शकील, समीम, रेहाना व गफुर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शादी करने से मना करने पर युवती से मारपीट

**रायपुर, 26 सितंबर।** सरस्वती नगर पंडरी में शादी करने से मना करने पर युवक ने युवती से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया लक्ष्मी तांडी 18 वर्ष सरस्वती नगर पंडरी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शेख मुस्तफा प्रार्थिया से शादी करने के लिए जिद कर रहा था। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते तीन पकड़ाए

**रायपुर, 26 सितंबर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 62 पाव देशी व 80 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने वाटर वर्ल्ड भाठागांव के पास अवैध शराब के साथ आरोपी देवकुमार रात्रे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा महादेवा तलाब के पास आरोपी नारायण यादव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 80 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी श्रवण नेताम 38 वर्ष के पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ट्रिपल आई कार्यक्रम लांच

**रायपुर 26 सितंबर।** 21 सितंबर को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय बैठकों के मौके पर आयोजित वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (ट्रिपल आई) के लॉन्च कार्यक्रम में, यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध हेल्थकेयर मिश्रित वित्त सुविधा और इसके तकनीकी सहायता इकाई, आईपीई ग्लोबल को 37 अन्य अग्रणी संगठनों के बीच संस्थापक सदस्यों के रूप में घोषित किया गया। कवरेज (यूएचसी) के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स और जी7, जी20, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, यूनिसेफ और गावी के प्रतिनिधियों ने भाषण दिया। मुख्य वक्ताओं ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ट्रिपल आई के गठन की सराहना की और इसका उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना।

# आयोग के निर्देश पर विस चुनाव की तैयारियां तेज

## संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में होगी हेलीकाप्टर की तैनाती

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 सितम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठकें शुरू कर दी है। आयोग फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र, मतदान केंद्र, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदाता सूची का पुनरीक्षण, प्रत्येक जिले में चुनाव को लेकर चल रहे प्रशिक्षण तथा अन्य बिन्दुओं की जानकारी ले रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के अक्टूबर-नवम्बर माह में चुनाव कराने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से ज्वाइंट सीईओ विपिन मांझी इस बैठक में भाग लेने दिल्ली गए थे। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की कुल संख्या की जानकारी ली गई। छग में नक्सलवाद सबसे बड़ा खतरा है इसलिए पुलिस फोर्स को लेकर बैठकें हुई है। डीआईजी स्तर के अधिकारी कितना पुलिस फोर्स लगेगा इसकी जानकारी दे रहे हैं। 4 अक्टूबर के बाद मतदाताओं की संख्या कितनी होगी यह पता चलेगा। एक अनुमान के अनुसार 2 करोड़ के आसपास मतदाता हो जाएंगे। युवा मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा होगी। दिव्यांगों तथा बुजुर्गों के लिए मतदान की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक जिले में दिशा-निर्देश भेजे जा रहे हैं। आयोग द्वारा रैली, जुलूस तथा अन्य राजनीतिक गतिविधियों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसको लेकर टेंडर निकाले जा रहे हैं।

### नशीले पदार्थों को पकड़ने एजेंसियों को निर्देश

छत्तीसगढ़ में शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति को रोकने के लिए केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों को सक्रिय किया गया है। केंद्रीय आबकारी विभाग एवं राज्य का अमला इस समय शराब कारखानों एवं अन्य स्थानों पर नजर रखे हुए है। चुनाव के समय शराब खुलेआम बांटी जाती है इसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

चुनाव सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए राज्य शासन से कई अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर बुलाया गया है। वर्तमान में दो ज्वाइंट सीईओ निलेश क्षीरसागर तथा विपिन मांझी के अलावा निर्वाचन अधिकारी के रूप में रूपेन्द्र वर्मा, रश्मि वर्मा एवं सुशील टिकरिहा को पदस्थ किया गया है। इस समय प्रत्येक जिले में मतदाता सूची का पुनरीक्षण का काम चल रहा है। राज्य में जिले के कलेक्टरों को भोजन, आवास, मतदान दलों को प्रक्षिण देने की छूट दे दी गई है। जिलों में मतदान कराने को लेकर प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

# भाजपा के दिग्गज प्रचार अभियान में जुटे, केंद्रीय मंत्री लेखी मुंगेली रवाना

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय मंत्रियों के अलावा बिहार से आए विधायकों को अलग-अलग जिलों में भेज दिया है। आज विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी यहां पहुंच गईं हैं। वे हेलीकाप्टर से मुंगेली के लिए रवाना हुईं। भाजपा कंट्रोल रूम के प्रभारी लोकेश कावड़िया से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए समस्त केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतार दिया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय चांपा जांजगीर गए हैं। वहीं केंद्रीय जहाजरानी मंत्री श्रीपद नायक को दूरस्थ क्षेत्रों में भेजा गया है। कंट्रोल रूम के अनुसार भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। आज राजधानी में परिवर्तन यात्रा पहुंचने वाली है। इसकी जोरदार तैयारी की गई है। अनेक स्थानों पर मंच तथा भाजपा के झंडे, बैनर लगाए गए हैं। धरसींवा से परिवर्तन यात्रा शुरू हो गई है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, शिवरतन शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा भी शीघ्र कर दी जाएगी। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक नई दिल्ली में होने वाली है।

**कांग्रेस के चुनाव अभियान समिति की बैठक:** कांग्रेस के चुनाव अभियान समिति की बैठक दोपहर को शुरू हो गई है। भूपेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार कर जनता का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। प्रियंका गांधी के बाद राहुल गांधी के आने से कार्यकर्ताओं में जोश है। शीघ्र ही कांग्रेस की भी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### ऑनलाइन खरीदारी करने उपभोक्ता उत्साहित

**रायपुर 26 सितंबर।** अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के मुताबिक, पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81त्न ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है; 78त्न ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुए, अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है।


### भारत की समृद्ध विरासत में इंजीनियरों का योगदान

**रायपुर 26 सितंबर।** राष्टीय इंजीनियर दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने भारतीय इंजीनियरिंग की समृद्ध विरासत में योगदान देने के लिए विभिन्न कार्यों से संबद्ध अपने हजारों उच्च कुशल इंजीनियरों के साथ समस्त कार्यबल को सुदृढ़ बनाने के लिए खुद को फिर से कटिबद्ध किया है। इसके जरिए कंपनी का लक्ष्य भारत के औद्योगिक परिदृश्य में परिचालन उत्कृष्टता और तकनीक आधारित नवाचार को बढ़ावा देने देते हुए उनके अटूट समर्पण को प्रोत्साहित करना है जिससे देश को कई क्षेत्रों के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में तैयार किया जा सके।वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालन आकार और पैमाने के अनुरूप रसायन, कंप्यूटर, सिविल, इलेक्ट्रिकल, खनन, सुरक्षा और मैकेनिकल सहित अन्य शाखाओं के इंजीनियरिंग विषेषज्ञों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

# कैट के स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा व्यापारियों का सैलाब




**रायपुर 26 सितंबर।** देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के द्वारा रायपुर के लगभग 100 से अधिक व्यापारी संगठनों के साथ व्यापारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में युवा कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत निःशुक्ल विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। जिसमे 500 से अधिक व्यापारियों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस विशाल स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री अमर पारवानी जी के द्वारा किया गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि कैट समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती आ रही है। इसी कडी में आज कैट द्वारा विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।



रायपुर 26 सितंबर। नवभारत गणेशोत्सव समिति कंकालीपारा।



रायपुर 26 सितंबर। यंग हिन्दू गणेशोत्सव समिति शंकर नगर।



रायपुर 26 सितंबर। नवयुवक गणेशोत्सव समिति विद्या नगर।

# आचार संहिता को लेकर अटकलों का बाजार गर्म

## अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में लगने की संभावना

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा अगले माह कर दी जाएगी। आयोग के अनुसार अक्टूबर महीने के द्वितीय सप्ताह में अधिकृत घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो जाएगी। प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के पूर्व निर्वाचित सरकार द्वारा निरंतर शिलान्यास, भूमिपूजन एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार इस समय विधानसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। राजनीतिक दल भी परिवर्तन यात्रा, भरोसे की यात्रा तथा जनसम्पर्क कर रहे हैं। वहीं निर्वाचन आयोग मतदान दलों को प्रशिक्षण, परिवहन तथा अन्य व्यवस्था कर रहे हैं। प्रशासनिक हलकों में इस बात की चर्चा है कि आचार संहिता 10 अथवा 15 अक्टूबर के आसपास लग सकती है इसलिए सभी मंत्रियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं, विधायकों में काम कराने को लेकर काफी हड़बड़ी है। इस समय मंत्रियों के यहां स्थानांतरण सहित अन्य कार्यों को कराने के लिए भीड़ लगी हुई है। मंत्री स्टाफ आचार संहिता का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राजधानी में पुलिस बल सक्रिय हो गया है। बाहर से आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग तेज कर दी गई है। इसके अलावा निरंतर गश्त बढ़ाई जा रही है। निर्वाचन आयोग के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार ही चुनाव की तिथियों की अधिकृत घोषणा करेंगे। छग, मप्र, राजस्थान, झारखंड एवं तेलंगाना में चुनाव होने वाले हैं। देश के प्रधानमंत्री भी निरंतर इन राज्यों का दौरा कर रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल व प्रियंका गांधी भी कार्यकर्ताओं में जोश भरने अनेक स्थानों पर जा रहे हैं।

# युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण




**रायपुर 26 सितंबर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में युवा कांग्रेस मीडिया विभाग की बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर रखा गया था। इस प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण पांडे एवं प्रदेश प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा मौजूद थे। इस प्रशिक्षण शिविर में कर्नाटक से प्रशिक्षण देने के लिए मीडिया के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था । साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों से जिला संयोजकों को इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप से कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कैसे युवा कांग्रेस की मीडिया की टीम ने काम किया था उसको लेकर आज विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रदेश के प्रत्येक जिलों से आए हुए पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियां को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मीडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण पांडे ने कहा कि इस कार्यक्रम में कर्नाटक से आए हमारे दो विशेषज्ञ जो मीडिया के बारे में आप सभी को प्रशिक्षण देंगे। साथ ही कुछ महीनो में विधानसभा में चुनाव होने वाले हैं और पिछले 5 वर्षों में किए गए कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य आप सभी को करना है। आने वाले विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की मीडिया विभाग की टीम बेहद सक्रियता के साथ विधानसभा चुनाव में मीडिया के माध्यम से कार्य करेगी। प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा ने कहा कि हर विषय पर आने वाले समय में कार्य करना है। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की सारी योजनाओं को लेकर मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की मीडिया देश का चौथा स्तंभ है जिसका दुरुपयोग नरेंद्र मोदी लगातार करते आ रहे हैं झूठे वादे करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की मीडिया विभाग की टीम सरकार के जो जन कल्याण योजनाएं हैं उसे मीडिया के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी और कर्नाटक से आए हुए विशेषज्ञों का में तहे दिल से धन्यवाद देता हूं कि वह समय निकालकर छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण देने के लिए आए हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि प्रशिक्षण शिविर से हमें कुछ नया सीखने को मिला और आने वाले समय में हम इन सारे विषयों को ध्यान में रखते हुए मीडिया के साथ संबंध में बनाकर छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार लायेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण पांडे प्रदेश प्रभारी काशिफ उस्मानी एवं प्रशिक्षण देने आए वासु जी और भारत जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पत्रकारों को आवास ऋण पर मिल सकेगा अनुदान

**रायपुर, 26 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर अब प्रदेश में पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'श्री ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे।

संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी। शपथ पत्र भी देना होगा- योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा। शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे। नियमित भुगतान कर बैंक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा- संचार प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए ऋण पर मासिक किश्त का नियमित भुगतान स्वयं करना होगा, बैंकों को ऋण के मूल एवं ब्याज के नियमित भुगतान करने संबंधी बैंक का प्रमाण-पत्र जनसम्पर्क संचालनालय में प्रस्तुत करने पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की गणना कर संबंधित पत्रकार के बैंक खातों में राशि दी जाएगी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23